दैनिक समाचार पत्र
देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
वर्ष-5, अंक:115
जयपुर, गुरुवार, 03 जुलाई 2025
मूल्य : 5.00 पेज:

देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें
अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Google Play
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web : www.deshkadarpannews.co

पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ सहयोग संबंध मजबूत होंगे-मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी, कैरेबियाई और दक्षिण अमेरिका के पांच देशों की यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व कहा कि उनकी इस यात्रा से दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देशों के साथ भारत के संबंधों को और बल मिलेगा। श्री मोदी ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा की आठ दिन की यात्रा पर सुबह घाना के लिए प्रस्थान किया और वह नामीबिया होकर लौटेंगे। इस दौरान वह ब्राजील के रियो डी जनेरियों में होने जा रही ब्रिक्स शिखर बैठक में भाग लेंगे और ब्रिक्स देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के साथ अलग से भी बातचीत करेंगे। राजधानी से प्रस्थान करने से पूर्व एक वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा, 'आज मैं 02 से 09 जुलाई 2025 तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पाँच देशों की यात्रा पर जा रहा हूँ।' उन्होंने कहा ,'मुझे विश्वास है कि पाँच देशों की मेरी इस यात्रा से वैश्विक दक्षिणी देशों के साथ हमारी मित्रता को और बल मिलेगा, अंध महासागर के दोनों किनारों पर हमारी साझेदारी मजबूत होगीऔर ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ हमारा जुड़ाव गहरा होगा।' प्रधानमंत्री चार और पांच जुलाई को अर्जेंटीना में होंगे और वहां से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डि जेनेरियो जायेंगे और वहां पांच से सात जुलाई तक ब्रिक्स की बैठकों में हिस्सा लेंगे।श्री मोदी सात एवं आठ जुलाई को ब्राजील में राजधानी ब्राजीलिया की यात्रा पर होंगे और नौ जुलाई को नामिबिया पहुंचेंगे। श्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जबकि विश्व में भू-राजनीतिक तनाव और अनिश्चितताएं बढ़ रही है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई एक बड़ा मुद्दा है तथा अमेरिका की ओर से भारत और अन्य देशों के खिलाफ व्यापार पर ऊंचा प्रशुल्क लगाने का खतरा है जिससे वैश्विक व्यापार और विकास प्रभावित हो सकता है।

श्री मोदी अपनी इस यात्रा के पहले चरण में आज अपराह्न घाना पहुंचेंगे। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर वह 03 जुलाई तक घाना में होंगे। उन्होंने घाना को दक्षिणी जगत में भारत का एक मूल्यवान भागीदार बताया है और कहा है कि यह देश अफ्रीकी संघ और पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह घाना की इस यात्रा में वहां के नेताओं के साथ ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने और निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के क्षेत्रों सहित सहयोग की नयी संभावनाएं निकालने पर बातचीत करेंगे। श्री मोदी घाना की संसद को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि वहां की संसद में उनका संबोधन भारत के लिए सम्मान की बात होगी। प्रधानमंत्री 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो में रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो के साथ भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। वह वहां राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलेंगे जो इस वर्ष के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं। वह प्रधानमंत्री महामहिम कमला प्रसाद-बिसेसर से भी मिलेंगे जिन्होंने हाल ही में दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला है। भारतीय पहली बार 180 साल पहले त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे।

सिन्हा ने श्री अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को भगवती नगर आधार शिविर श्री अमरनाथ पवित्र गुफा की तीर्थयात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई और सुरक्षित और आनंदमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उपराज्यपाल ने कहा, यह पवित्र तीर्थयात्रा आस्था और आत्म-खोज की यात्रा है। सभी आध्यात्मिक साधकों को भगवान शिव के पवित्र निवास और गहरी आत्मा को झकझोर देने वाले अनुभव की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन, जम्मू-कश्मीर के लोग

श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था की है। उपराज्यपाल ने कहा आज बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहले जत्थे में 4,500 से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए। जम्मू शहर एक नई जीवंतता के साथ जीवंत हो उठा है। तीर्थयात्रियों का उत्साह बहुत अधिक है। आतंकवादी घटनाओं से बेपरवाह, भोले बाबा के भक्त भारी संख्या में पहुंच रहे हैं, जो अपनी अपार आस्था का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इस साल की यात्रा पिछले वर्षों की तुलना में और भी ऐतिहासिक होगी। कार्यक्रम में नागरिक प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बल और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

चुनाव आयोग पार्टियों की ओर से केवल उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों की चिट्ठी-पत्री पर ही गौर करेगा

एजेंसी

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने फैसला किया है कि वह राजनीतिक दलों की ओर से चिठ्ठी-पत्री में उनका प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले ऐसे व्यक्तियों की बात पर ही गौर करेगा जिन्हें दल के प्रमुखों द्वारा आयोग से संपर्क के लिए बाकायदा अधिकृत किया गया होगा। इस बीच आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के विषय में बातचीत के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और पार्टी द्वारा दी गयी दोनों अधिकारिक मेलों पर को 30 जून को निमंत्रण भेजा गया था। इन मेल में उन्हें आज शाम पांच बजे का समय दिया गया था। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पार्टी की ओर से आज की बैठक के बारे में उन्हें सुबह तक कोई पुष्टि नहीं की गयी है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल आयोग आज शाम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन

के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सकता है। इस बैठक के लिए इस पार्टी ने अपनी सहमति की पुष्टि कर दी है।इस बीच आयोग ने कुछ राजनीतिक दलों की ओर से आयोग को 30 जून और दो जुलाई को मेल भेजने वाले उमर होदा को आज एक मेल करके कहा है, भविष्य में, राजनीतिक दलों और आयोग के बीच किसी भी अनधिकृत संचार को रोकने के लिए, आपको उस राजनीतिक दल के प्रमुख से वैध प्राधिकरण प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है जिसका आप प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। आयोग के सचिव ने श्री होदा को लिखा है, मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आपके 30 जून 2025 के ईमेल के अनुसार, उल्लिखित राजनीतिक दलों से प्राधिकरण का कोई सबूत न होने के बावजूद, आयोग ने संबंधित राजनीतिक दलों को 02 जुलाई 2025 को शाम 05:00 बजे का समय दिया था और पार्टियों के प्रमुखों से एक अधिकृत व्यक्ति के साथ उक्त बैठक में उनकी उपस्थिति की पुष्टि मांगी थी। इस मेल में कहा गया है कि अभी तक केवल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव ने ही इस संबंध में पुष्टि की है। इसलिए, आयोग आज शाम 05:00 बजे अधिकृत व्यक्ति के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव से मिल रहा है। आयोग ने इस मेल में श्री होदा को लिखा है कि उनके 30 जून को भेजे गए ईमेल में उल्लिखित अन्य राजनीतिक दलों के प्रमुखों से कोई पुष्टि नहीं मिली है। आयोग ने कहा है कि वह हमेशा राजनीतिक दलों के प्रमुखों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से किसी भी समय आपसी सुविधा के अनुसार मिलने के लिए उपलब्ध है। इस मेल में आयोग के सचिव ने पत्र मेल भेजने वाले को लिखा है कि भविष्य में, राजनीतिक दलों और आयोग के बीच किसी भी अनधिकृत पत्र या संदेश पर रोक लगाने के लिए उसको उस राजनीतिक दल के प्रमुख से वैध प्राधिकरण प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है जिसका वह प्रतिनिधित्व करना चाहता है।

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय शिवसेना और शिवसेना (यूबीटी) के बीच 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न आवंटन विवाद से संबंधित मामले में 14 जुलाई को विचार करेगा। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत की इस मामले में तत्काल सुनवाई की गुहार पर सहमति व्यक्त की। अधिवक्ता कामत ने गुहार लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित घोषणा अगले सप्ताह कभी भी की जा सकती है। पीठ के समक्ष उन्होंने कहा, हम कुछ अंतरिम निर्देश चाहते हैं।? जैसे एनसीपी मामले में जारी किए गए थे। उन्हें चुनाव चिह्न दे दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि दो चुनाव हो चुके हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इसी तरह की याचिका का उल्लेख किया

गया था, जिसे खारिज कर दिया गया। पीठ ने कहा, भले ही चुनाव अधिसूचित हो जाएं, लेकिन यह आखिरकार उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ है। इस पर श्री कामत ने कहा, नहीं नहीं यह चुनाव चिह्न का विवाद है। मामला दो साल से लंबित है। पीठ ने फिर पूछा, 'अगर यह लंबित है तो कोई समस्या नहीं है, कोई अधिकार (जो मिलना चाहिए) नहीं जाएगा। इतनी जल्दी क्या है।'

हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष घोषित

भोपाल। मध्यप्रदेश के बैतूल से भारतीय जनता पार्टी विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश के लिए भाजपा के निर्वाचन अधिकारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यहां प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में उनके नाम की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे। इसके पहले कल प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा किए जाने के लिए नियत दिन पर सिर्फ श्री खंडेलवाल का ही नामांकन आने के साथ उनका इस पद पर चुना जाना तय हो गया था। पेशे से व्यवसायी श्री खंडेलवाल वर्तमान में आदिवासी क्षेत्र बैतूल से विधायक हैं। वे इसके पहले 2007 से 2008 तक लोकसभा सांसद और 2010 से 2013 तक भाजपा बैतूल जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। लगभग 60 वर्षीय श्री खंडेलवाल 2013 में चौदहवीं विधानसभा के सदस्य चुने गए। इसके बाद

2014 से 2018 तक वे भाजपा की प्रदेश इकाई के कोषाध्यक्ष रहे। वर्ष 2023 में वे दूसरी बार विधायक चुने गए। वे श्री कुशाभाउ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। श्री खंडेलवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि भाजपा की ही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भी लगातार चार बार बैतूल से पार्टी के सांसद रहे। श्री खंडेलवाल बैतूल से ताल्लुक रखते हैं, जो आदिवासी क्षेत्र है। इस आदिवासी क्षेत्र में भाजपा और आरएसएस के कई सेवा प्रकल्प संचालित होते हैं, जिनसे श्री खंडेलवाल जुड़े हैं। सहज छवि वाले श्री खंडेलवाल संघ और मुख्यमंत्री डॉ यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। श्री खंडेलवाल के बारे में माना जाता है कि वे पर्दे के पीछे रह कर काम करना पसंद करते हैं। उन्हें सत्ता और संगठन के बीच समन्वय की क्षमता के चलते भी इस पद के लिए बेहद सक्षम माना जा रहा है।

जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: योगी

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को

संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, तीन की मौत, 16 घायल

एजेंसी

देहरादून। ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर बुधवार सुबह ताछला के पास कांवड़ियों को ले जा रहा ट्रक सड़क पर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। सभी कांवड़िए बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और भंडारे के लिए हर्षिल जा रहे थे।

हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रक (संख्या P-13-बीटी-8739) फकोट से आगे ताछला के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में कुल 19 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को ट्रक से निकालकर फकोट और नरेंद्रनगर अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने व घायलों को हरसंभव उपचार देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी टिहरी ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर युद्ध स्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया और

सभी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने किसी तरह सभी को बाहर निकाला है। 5 घायलों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया है अन्य को नरेंद्रनगर उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष नरेंद्रनगर संजय मिश्रा ने बताया कि फकोट और जाजल के बीच ताछला के पास यह दुर्घटना हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

मृतकों की पहचान:
विक्की पुत्र महेंद्र 30 वर्ष
सुनील सैनी पुत्र मूलचंद 45 वर्ष
तीसरे मृतक की शिनाख्त प्रक्रिया जारी है।

एनआईपीसीसीडी का नाम बदल कर रखा गया सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। यह कदम संस्थान की उभरती भूमिका और देशभर में महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट, मिशन-संचालित मदद पर अधिक ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। यह फैसला केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की मौजूदगी में लिया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को मंत्रालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को श्रद्धांजलि है। यह कदम महिला एवं बाल-केंद्रित विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। शुक्रवार को झारखंड में नए क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के महत्व पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची में नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र में विकेंद्रीकृत, क्षेत्र-विशिष्ट क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह केंद्र न केवल हमारे अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण और सहायता तक बेहतर पहुंच प्रदान करके सशक्त करेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर हमारे प्रमुख मिशनों को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

जमात-ए-इस्लामी को लेकर भाजपा का कांग्रेस पर वार, कहा- अवसरवादी राजनीति करती है कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और केरल भाजपा के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा नीलांबुर उपचुनाव में कांग्रेस ने खुलेआम जमात-ए-इस्लामी का समर्थन लिया और जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले एक तरफ संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं, सेक्युलरिज्म की बात करते हैं, लेकिन सच ये है कि राष्ट्रविरोधी और अलोकतांत्रिक पार्टी कांग्रेस व इंडी गठबंधन अवसरवादी राजनीति करते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ये बातें बुधवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि एक संगठन है, जिसे 1941 में स्थापित किया गया। काफी साल से इस संगठन के बारे में कहा

जा रहा है कि ये देशविरोधी संगठन है। इस संगठन का नाम है, जमात-ए-इस्लामी। जो सेक्युलरिज्म और लोकतंत्र के खिलाफ है। इसे कांग्रेस के लोग भी खतरनाक संगठन मानते थे, लेकिन पहली बार वायनाड में कांग्रेस ने खुलकर जमात-ए-इस्लामी का समर्थन लिया और वहां कांग्रेस चुनाव जीती। केरल भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि साल 2018 में कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने खुद अदालत में कहा था कि जमात-ए-इस्लामी एक बहुत ही खतरनाक संगठन है। वे धर्मनिरपेक्षता विरोधी, संविधान विरोधी हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करते हैं। इसके बावजूद, नीलांबुर उपचुनाव में, कांग्रेस ने पहली बार खुले तौर पर जमात-ए-इस्लामी का समर्थन स्वीकार किया और वे उस चुनाव में जीत गए।

वर्षों तक, जमात-ए-इस्लामी राजनीतिक रूप से अलग-थलग रहा, लेकिन यह पहली बार था जब कांग्रेस ने खुले तौर पर उसके साथ गठबंधन किया। कांग्रेस किसी भी कीमत पर जीतने के लिए इतनी बेताब है कि अब वह जमात-ए-इस्लामी को मुख्यधारा की राजनीति में लाने की कोशिश कर रही है।

कोविड वैक्सीन और अचानक मौत में कोई संबंध नहीं : ICMR-AIIMS का अध्ययन

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के व्यापक अध्ययनों ने साफ कर दिया है कि कोविड-19 टीकों और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। इन अध्ययनों में जीवनशैली और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं को अचानक मौतों का प्रमुख कारण बताया गया है। आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने 18 से 45 वर्ष की आयु के युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए दो अध्ययन किए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान ने मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में किया। इसमें अक्टूबर 2021 से मार्च 2023 के बीच स्वस्थ दिखने वाले लोगों की अचानक मृत्यु के मामलों की जांच की गई। दूसरा अध्ययन वास्तविक समय में मौतों के कारणों का विश्लेषण करता है। इन अध्ययनों से साफ हुआ कि कोविड-19 टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनके गंभीर दुष्प्रभाव बहुत दुर्लभ हैं। अचानक मौतों के पीछे आनुवंशिक कारण, खराब जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं मुख्य कारक हैं।

हिमाचल प्रदेश में भारी तबाही - 34 लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी

एजेंसी

शिमला । हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भारी बारिश के कारण तबाही मची हुई है। राज्य के अलग-अलग इलाकों में बादल फटने और बारिश के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की घटनाएं हुई हैं। अचानक आई बाढ़ के बाद पिछले 24 घंटे से अधिक समय से 34 लोग लापता हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए बचावकर्मियों ने बुधवार को दूसरे दिन तलाशी अभियान फिर से शुरू किया। सबसे अधिक नुकसान मंडी जिले में हुआ है। मंगलवार को जिले में 16 बादल फटने और तीन फ्लैश फ्लड की घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें एक पुल, 24 मकान और एक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट प्लांट को नुकसान पहुंचा। अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। पिछले 24 घंटे से अधिक समय से जारी आपदा के बाद लापता लोगों के बचने की संभावना कम होती जा रही है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अब तक चंबा जिले से तीन, हमीरपुर जिले से 51 और मंडी जिले से 316 लोगों को बचाया गया है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि 7 जुलाई तक पूरे राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने 2 से 7 जुलाई के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के ताजा बुलेटिन में कहा गया है कि पंडोह बांध से लगभग 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण पंडोह बाजार क्षेत्र में बाढ़ का गंभीर खतरा है, जिससे आसपास के आवासीय घरों के डूबने की संभावना है। इसके अलावा मंडी जिले में ज्यूनी खड्ड खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके कारण वहां से तत्काल लोगों को निकालने का काम शुरू किया गया।

राजस्व विभाग के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में कम से कम 406 सड़कें बंद हो चुकी हैं। इनमें मंडी में 248, कांगड़ा में 55, कुल्लू में 37, शिमला में 32, सिरमौर में 21, चंबा में 6, ऊना और सोलन में 4-4, जबकि हमीरपुर और किन्नौर जिले की एक-एक सड़क शामिल है।

घर में काम करने वाली महिला गिरफतार व पुश्तैनी डायमंड हार, साने का टॉप्स व चांदी की घडी बरामद

देश का दर्पण न्यूज
श्री आलोक सिंधल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने बताया कि परिवादी श्री वैभव भोजवानी द्वारा दिनांक 29-06-2025 को एक लिखित रिपोर्ट इस आश्य की पेश की कि दिनांक 21-06-2025 को मेरे पिताजी योगेश द्वारा अपने लॉकरी में रखे एक सोने का डायमंड सेट व अन्य सामान लेकर आये थे। मेरे चचेरे भाई मोहित कुमार निवासी अजमेर की शादी 22-06-2025 को थी जिसमें जाने के लिए वो सामान घर लेकर आये थे।

हम लोग शादी के बाद ज्वैलरी हमारी आलमारी में रख दी थी। हम लोग अपने अपने काम में व्यस्त हो गये थे जिस कारण से ज्वैलरी के सामान को वापस लॉकर में नहीं रख सके थे। दिनांक 29-06-2025 को मेरी बहिन टीया भोजवानी द्वारा अपनी ज्वैलरी सोने का डायमंड सेट, एक जोडी सोने के टॉप्स, एक चांदी की घडी आलमारी में नहीं मिली। इकसे बाद हमने काफी तलाश की थी लेकिन वह किमती सामान नहीं मिला। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 238/2025 धारा 303(2) बीएनएस 2023 पुलिस थाना सदर पर दर्ज कर श्रीमती सुमित कंवर सउनि के द्वारा अनुसंधान किया गया।

प्रकरण हाजा में श्री धर्मवीर सिंह एसीपी सदर जयपुर पश्चिम के निर्देशन में श्री सज्जन सिंह उनि आईसी थाना के नेतृत्व में श्रीमती सुमित कंवर सउनि, श्री ईश्वर सिंह कानि 7708, श्री इन्द्राजमल कानि 6094, श्री

राकेश कुमार कानि 9993, श्रीमती मीना महिला कानि 11492, श्रीमती हंसा महिला कानि 8191 की टीम गठित की जाकर दिशा निर्देश दिये गये। टीम द्वारा जारी निदेर्शों की पालना में परिवादी के द्वारा पेश तथ्यों की जानकारी व तस्दीक करने हेतू घर पर काम के लिए आने वाली लोगों की जानकारी ली गयी। घरेलू नौकरानी रजनी कौर पुत्री श्री सतनाम सिंह जाति पंजाबी उम्र 25 साल निवात्ती सब्जी मंडी के पास के डी हॉटल बडौदिया बस्ती पुलिस थाना सदर जयपुर पश्चिम से गहन अनुसंधान किया गया तो स्वयं द्वारा पहले चोरी नहीं करना जाहिर किया गया परन्तु तकनीकी मदद व वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर घरेलू नौकरानी रजनी कौर द्वारा स्वयं ही चोरी करना स्वीकार किया गया जिसकी निशादेही से प्रकरण हाजा में चोरी गये पुश्तैनी ज्वैलरी सोने का डायमंड सेट, एक सोने का टॉप्स, एक चांदी की घडी, एक पुराना मोबाईल फोन बरामद किये गये है।

बाद अनुसंधान मुल्जिमा रजनी कौर को पीसी रिमाण्ड से जेसी करवाया गया है। अनुसंधान जारी है।

अवैध पत्थर परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर ट्रोली मय पत्थर सहित जप्त कर 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्री आनन्द शर्मा आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ जिले के अधिकारियों को खनन माफियाओं के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व पुलिस उप अधीक्षक वृत गोविन्दगढ श्री राजेश जांगिड के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी कालाडेरा श्री बाबूलाल उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दिनांक 02.07.2025 को कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों पर दो ट्रैक्टर चालकों विक्रम भाट व नन्दकिशोर बाह्मण को टैक्टर ट्रालियों में अवैध चेजा पत्थर परिवहन करते हुए को पकड कर बिना नम्बरी दो ट्रेक्टर ट्रोली मय अवैध पत्थर सहित को जप्त किया गया तथा अभियुक्त विकम भाट व नन्दकिशोर शर्मा को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध अवैध खनन में अभियोग पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

सम्पूर्ण स्टॉफ एवं पब्लिक के सहयोग से स्मैक पीने एवं बेचने वालों की टूटी कमर

देश का दर्पण न्यूज
पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) श्रीमती राशि डोगरा हूडी ने बताया कि श्रीमान पुलिस आयुक्त जयपुर श्री बीजू जार्ज जोसेफ व श्रीमान अति. पुलिस आयुक्त जयपुर श्री कुंवर राष्ट्रदीप के निदेर्शानुसार इलाका थाना क्षेत्र में संदिग्ध निवासरत बांग्लादेशी, एचएस/हार्डकोर/असामाजिक एवं वांछित अपराधियों की धरपक्वड हेतू चलाये गये विशेष अभियान के तहत अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर-द्वितीय) श्री बजरंग सिंह शेखावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त शास्त्री नगर श्री शिवरतन गोदारा के सुपरविजन मे थानाधिकारी भट्टाबस्ती श्री हरिओम सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना भट्टाबस्ती जयपुर उत्तर पर अलग अलग टीम अलग अलग समय पर संदिग्धों की धरपकड हेतू गठित की गयी। गठित टीमो द्वारा अलग अलग स्थानों पर अपराधियों को चिन्हित कर सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्र, मोहल्ला समिति के यंग लडको का सहयोग लेकर थाने के सम्पूर्ण स्टॉफ द्वारा अलग अलग भेष बदलकर हर दिन का टारगेट तय कर संदिग्ध लोगो को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों, उनकी दिनचर्या पर निगरानी कर आने जाने वाले एवं निवासरत संदिग्धों पर दबीस देकर एवं नाकाबन्दी आदि करकर आर्म्स एक्ट के तहत एक कार्यवाही कर एक व्यक्ति गिरफ्तार, आबकारी अधिनियम के तहत चार कार्यवाही कर कुल 4 व्यक्ति गिरफ्तार, 13 आरपीजीओ के तहत सोलह कार्यवाही कर कुल 19 व्यक्ति गिरफ्तार, एडीपीएस एक्ट के तहत तीन कार्यवाही कर कुल 3 व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान अब तक कुल 183 लोगो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एआई इन्फ्लूबोट एप के माध्यम से यूजर्स कर सकेंगे अपनी पसंदीदा शख्यित, एक्सपर्ट से कर सकेंगे संवाद, लाइव वीडियो कॉल और चेटिंग

जयपुर। जयपुर में चेटिंग-इंस्टैंट मैंसेजिंग और लाइव विडिया- ऑडियो एप इन्फ्लूबोट को अब एआई से जोड़ा गया है। एआई संचालित इन्फ्लूबोट एप की लॉन्चिंग जयपुर में बुधवार को हुई। एमडी कुणाल माहेश्वरी ने बताया कि इन्फ्लूबोट 35 देशों में एक्टिव है। एआई इन्फ्लूबोट एप पर से पांच हजार से अधिक मशहूर हस्तियां और एक्सपर्ट मौजूद हैं। इन्फ्लूबोट मशहूर हस्तियों के लिए व्हाट्सएप है, कंपनी का सेलेब्स और मशहूर हस्तियों को लाखों की संख्या में इन्फ्लूबोट पर लाने का लक्ष्य है जिसमें वह तेजी से कामयाब हो रही है। माहेश्वरी ने आगे बताया कि अब कंपनी ने इन्फ्लूबोट को सभी यूजर्स के लिए एआई संचालित बनाया है। यह यूजर्स की बातचीत और संवाद पर प्वाइंट टू प्वाइंट फोकस कर मशहूर हस्तियों से सीधा सम्पर्क बनाने में सहायक होगा, ताकि किसी भी क्षेत्र में शिक्षक, मशहूर शख्सियतों के अलावा सेलेब्स से किसी भी भाषा में बात कर सकें।

एजीटीएफ का राजस्थान में आतंक पर सर्जिकल स्ट्राइक 14 अवैध हथियार और 1860 कारतूस सहित दो गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी
राजस्थान में संगठित अपराध और अवैध हथियारों की कमर तोड़ने के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने प्रतापगढ़ पुलिस के साथ मिलकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस संयुक्त अभियान में 14 अवैध विदेशी और देशी हथियार, 1860 कारतूस और 10 मैगजीन का एक विशाल जखीरा बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो प्रमुख अपराधियों कुख्यात गैंगस्टर सलमान खान और उसके हथियार सप्लायर राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है, जिससे राज्य में अवैध हथियारों के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है।

ऑपरेशन की रणनीति
एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निदेर्शों और उप महानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव के कुशल मार्गदर्शन में इस विशेष अभियान को अंजाम दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक

सुभाष सिंह के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम एवं कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार की एक टीम को आसूचना संकलन के लिए बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़ की ओर रवाना किया गया था। गुप्त सूचनाओं और गहन आसूचना संकलन के बाद यह कार्रवाई की गई।

रणनीति के तहत पहली गिरफ्तारी,हथियार सप्लायर राकेश पकड़ा गया
एडीजी श्री एमएन ने बताया कि 28 जून को छोटी सादड़ी थाना पुलिस ने झालावाड़ निवासी राकेश कुमार पुत्र कचरू राम (48) को छोटी सादड़ी-नीमच रोड से एक पिस्टल सहित गिरफ्तार किया था। राकेश, अवैध हथियार सप्लाई चेन का एक महत्वपूर्ण मोहरा था और उसकी गिरफ्तारी इस ऑपरेशन की पहली कड़ी साबित हुई। इस हथियार सप्लायर से एजीटीएफ टीम लगातार पूछताछ कर रही थी।

गैंगस्टर सलमान खान, अपराध मिला विरासत में
राकेश से हुई पूछताछ ने पुलिस को अपराध की दुनिया के एक और बड़े नाम सलमान पुत्र शेरखान (38), निवासी नागदा, उज्जैन तक पहुंचाया। सलमान जो पहले से ही बांसवाड़ा जेल में फिरौती के एक मामले में बंद था को एजीटीएफ ने प्रोटेक्शन वारंट पर लिया। उससे की गई कड़ी पूछताछ ने कई चौंकाने वाले राज खोले। सलमान ने बताया कि उसके पिता शेरखान पठान भी पुलिसकर्मी थे,लेकिन हत्या सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे और अंततः पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए सलमान ने कम उम्र में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। स्कूल छोड़ने के बाद वह लड़ाई-झगड़ों में शामिल हो गया और अपनी 90 बीघा पैतृक जमीन होने के बावजूद प्रॉपर्टी डीलिंग के नाम पर विवादित जमीनों पर कब्जा करने लगा, जहाँ उसके "खौफ" का राज चलता था।

दुबई का सफर और हथियारों का राज
अपने खिलाफ लगातार बढ़ते मुकदमों से बचने के लिए सलमान ने निवास बदलकर फर्जी पासपोर्ट बनवाया और दुबई भाग गया था।

पुलिस थाना संजय सर्किल जयपुर उत्तर पर मोहरर्म के मध्येनजर आयोजित की गई सीएलजी,पुलिस मित्र और ताजियोंधारकों की मीटिंग, ट्रैफिक,कानून व्यवस्था व अन्य बिन्दुओं पर की गई चर्चा

देश का दर्पण न्यूज

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) श्रीमती राशि डूडी डोगरा कढर ने बताया कि श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, श्री बीजू जार्ज जोसेफ एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम श्री कुंवर राष्ट्रदीप तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितिय डा० रामेश्वर सिंह के निदेर्शानुसार जयपुर शहर में दिनांक 06.07.25 व 07.07.25 को मोहरर्म के अवसर पर निकाले जाने वाले ताजियों के मध्येनजर ताजियों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में क्षेत्र के ताजियाधारकों, शांति समिति सदस्य, सीएलजी मेंबर, पुलिस मित्र सदस्यों की मीटिंग बाबत निर्देश दिये गये थे। जिस क्रम में पुलिस थाना संजय सर्किल जयपुर उत्तर थानाधिकारी श्री माधो सिंह पु०नि० द्वारा थाना संजय सर्किल क्षेत्र के ताजियाधारकों, शांति समिति सदस्य, सीएलजी मेंबर, पुलिस मित्र सदस्यों की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में थाना संजय सर्किल जयपुर उत्तर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक शांति समिति सदस्य, सीएलजी मेंबर, पुलिस मित्र सदस्य तथा तीन ताजिया लाईसेंसधारक शामिल हुये। उपस्थित सभी सदस्यों को दिनांक 06.07.25 व 07.07.25 को मोहरर्म के अवसर पर निकाले जाने वाले ताजियों के मध्येनजर ताजियों पर कानून व्यवस्था तथा ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में चर्चा की गई व आवश्यक निदेर्शा दिये गये तथा साथ ही ताजिया लाईसेंसधारकों को ताजिया लाईसेंस में निर्धारित शर्तों की पालना करते हुये ताजियों की उचाई लंबाई निधारित मापदंड से अधिक नहीं करने व दिये गये रूट के अनुसार ही ताजिया निकालने बाबत निर्देश दिये गये। साथ ही ताजिया वालियंटर को भी ताजियों के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने व ताजिया लाईसेंस शर्तों की पालना करने बाबत आवश्यक हिदायत की गई तथा कानून व्यवस्था, सदव्यवहार एवं आपसी भाईचारा बनाये रखने हेतु अपील की गई। साथ ही कानून व्यवस्था संबंधी अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश देकर मीटिंग का समापन किया गया।

भाजपाइयों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का मनाया जन्मदिन

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 2 जुलाई।
जिले में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा राजस्थान के प्रदेशअध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर जन सेवा के कार्य किए गये। एवं हर्षोल्लाल से जन्मदिन मनाया।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, धौलपुर जिला प्रभारी रामस्वरूप कोली एवं जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के निर्देशन में मचकुंड पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

जिसमें पीपल, आम, बरगद नीम, शीशम आदि के वृक्षों को लगाया गया।

मचकुंड स्थित गौशाला में गुड एवं चारा खिलाया गया, जिला कार्यालय धौलपुर पर निराश्रित लोगों को भोजन सामग्री के लिए राशन की किट प्रदान की गई एवं गुलाब बाग चौराहे पर जाकर सुरक्षित चलने, सुरक्षित पहुंचने, सीट बेल्ट का उपयोग, हेडलाइट, डिपर का उपयोग, सीमित गति में चलना आदि सुरक्षित सड़क पर चलने के तरीकों एवं नियमों का पालन कर गाड़ी चलाना जैसे स्टीकर वाहनों पर लगाए गए, साथ ही सड़कों पर बैठी निराश्रित गायों के गले में रेडियम वाली सेफ्टी बेल्ट बांधी ताकि अंधेरे में कोई भी दुर्घटना का शिकार ना हो '

धौलपुर जिले में सभी मंडलों पर जन सेवा के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ है।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे सभी ने प्रदेश अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी, जिनमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशंभर दयाल शर्मा, डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, राजाखेड़ा प्रत्याशी नीरजा शर्मा, दुष्यंत बघेल प्रधान, जिला महामंत्री मदन कोली, नवल लोधा, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल पहाड़िया, मुकेश सक्सेना, सोबरन सिंह गलेथा, धीर सिंह जादोन, अविनाश शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, मांगे कंसाना, नंदकिशोर शुक्ला, जयवीर पोसवाल, बाचाराम बघेल, नागेंद्र चौहान, डा हेम सिंह लोधा, प्रदीप सिसोदिया, राजा भैया, पुष्पेंद्र राजावत, बिनय परमार, हेम सिंह बघेल, अशोक पचौरी, डॉ मनोज शर्मा, फैजल खान, शिव शंकर परिहार, मोहन वर्मा, रामकुमार गर्ग, मुस्ताक कुरैशी, भैरो सिंह, रामकिशोर शर्मा,नरेंद्र तोमर, रविंद्र हटवारी, विजय श्रीवास्तव, दीपू कुशवाह, राज बहादुर मीणा, राहुल राणा, दिग्विजय सिंह, बृजमोहन शर्मा, मुकेश सरपंच, राजकुमार गुर्जर, विजय त्यागी, बृजेश मुखराय, आनंद शर्मा, लक्ष्मण तोमर, दिलीप पाराशर, पार्षद राम शर्मा, रामकुमार शर्मा, शशिकांत शर्मा, नितिन मंगल, सुभाष पचौरी, लोकेंद्र चौहान, अनमोल बंसल, राजू गुर्जर, विवेक रावत, योगेश जादौन, पवन त्यागी, ऋतिक वर्मा, लाल गलेथा, बाबू बंसल, के के शर्मा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरमथुरा-भाजपाइयों ने मनाया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का जन्मदिन

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 2 जुलाई।
भारतीय जनता पार्टी मंडल सरमथुरा में प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीना के निर्देशन एवं मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान बाई की खान पर गौशाला में गायों को चारा एवं गुड खिलाया गया।

एवं मंदिर में रुद्राभिषेक कर राजकीय चिकित्सालय सरमथुरा में मरीजों को फल वितरित किए गये।

इस दौरान भाजपाई कार्यकताओं ने राठौड़ के उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की।

इस मौके पर भाजपा मंडल के सभी बूथ स्तर पर जन्म दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित करवाए गए। इस अवसर पर भाजपा के राजेश जादौन,मांगीलाल मोदी,मनोज गर्ग,रामगोपाल हरदेनिया,राजेन्द्र शर्मा,मोनू राजपुरोहित,महावीर बैदल,प्रीति अग्रवाल, कप्तान सिंह,जावेद खान,नाहर सिंह,मदन उपाध्याय ,बौ.मदन लाल,संजय पाराशर,सुरेंद्र गुर्जर,मुकेश वैद्य,विपिन जिंदल आदि भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा मंडल के सभी बूथ स्तर पर जन्मदिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित करवाए गए।

पौधे की पेड़ बनने तक करें देखभाल - गौरव यादव

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 2 जुलाई। जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा रोपण किया।

जिसमें विभाग की ओर से पौधे लगाए गए। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाएं जा रहे। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के दिशा निर्देशन में हमारे द्वारा सैकड़ों पौधे रोपित किए गए हैं। जिनकी पेड़ बनने तक विभाग द्वारा अच्छी प्रकार से देखभाल की जाएगी। उन्होंने

कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक धर्म होना चाहिए कि वह अपने जीवन काल में कम से कम दो पौधे लगाकर पेड़ बनने तक उसकी सही प्रकार से देखभाल करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को पौधारोपण से ही संतुलित किया जा सकता है।

प्राणवायु ऑक्सीजन के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसके माध्यम से बिगड़ते मौसम के संतुलन को भी स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा परिवहन विभाग परिसर में, विद्यालयों में तथा चेकिंग दलों के माध्यम से पौधारोपण किया गया है। विभाग द्वारा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत, उत्तम चंद गोयल, भूदेव त्यागी, प्रभात शर्मा, नरेश परमार, बृजेंद्र कुमार सहित परिवहन विभाग के निरीक्षक और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सरकारी अध्यापक की ब्रेन हेमरेज से मौत

देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया)2 जुलाई।
जिले के बाड़ी उपखण्ड मुख्यालय के कंचनपुर थाना क्षेत्र के मठ हांसई गांव में हरिया गिरी शुक्रवार को घर पर गश खाकर गिर गये।
उनको ब्रेन हेमरेज होने के चलते जयपुर रैफर किया गया।
जयपुर में उपचार के दौरान। उनकी मौत हो गयी।
पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।
मृतक अध्यापक हरियागिरी की 20 दिन पूर्व ही शादी हुयी थी।
वो मंडरायल के चैनपुरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में तृतीय श्रेणी अध्यापक के पद परकार्यरत थे।
घटना के बाद परिजनों एवं पत्नी का रो -रोकर बुरा हाल है।
हरिया तीन भाइयों में सबसे छोटा था।
हरिया पर माता-पिता, एक बहन ,पत्नी 4 परिजन आश्रित थे।
घटना के बाद पूरे गाँव मे शोक का माहौल है।

अभियुक्त पर विभिन्न थानो में दर्जनो प्रकरण है दर्ज

देश का दर्पण न्यूज
श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिम, आयुक्तालय जयपुर श्री अमित कुमार आई०पी०एस० ने बताया जयपुर शहर में नकबजनी एवं चोरी की बढती वारदातो को मध्य नजर रखते हुए श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री बीजू जॉर्ज जोसफ व अति० पुलिस आयुक्त सिटी श्री कुँवर राष्ट्रदीप के द्वारा इन सभी पर असरदार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। गौरतलब है कि अभियुक्त द्वारा थाना वैशाली नगर व शहर के विभिन्न स्थानो पर लगातार हुई व्यवसायिक प्रतिष्ठानो में नकबजनी की वारदातो व दिनांक 29.06.2025 को रात्रि के समय वैशाली सर्किल पर स्थित मंदाकनी साडी शौरूम में हुई नकबजनी की वारदत के मध्यनजर कार्यवाही हेतु श्री अमित कुमार पुलिस उपायुक्त पश्चिम जयपुर द्वारा श्री आलोक सिंघल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के निकट निर्देशन में श्री आलौक गौतम सहायक पुलिस आयुक्त, वैशाली नगर के निकट पर्यवेक्षण में टीम गठित की गई। जिस पर गठित टीम द्वारा जयपुर शहर में हुई नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं का डाटा संकलित किया गया। चोरी की वारदातों के सम्बन्ध में आसूचना संकलित की गई। वारदात की सीसीटीवी फटेज खंगाले गये। चोरी की वारदातो के सम्बन्ध में आसुचना संकलित कर प्राप्त सूचना पर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए साईबर सेल जिला पश्चिम से प्राप्त तकनिकी इनपुट व आसुचना के आधार पर राकेश सिंह उर्फ रॉकी पुत्र श्री पुरन सिंह जाति राजपूत उम्र 27 साल निवासी गॉव रमैला थाना मंचतावली जिला चम्पावत उत्तराखण्ड हाल खानाबदोश जयपुर की पहचान व डिटेन कर बाद अनुसंधान प्रकरण संख्या 237/2025 धारा 331(4), 305 (ए) बी.एन.एस. अधिनियम 2023 में थाना वैशाली नगर जयपुर में गिरफ?तार किया गया व

चोरी की रकम बरामद की गई। आरोपी द्वारा जयपुर शहर के विभिन्न स्थानो आगरा रोड पर कपडे का शोरूम, एवं डीसीएम पर भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। दिनांक 29.06.2025 को परिवादी श्री किशन जोगानी मालिक दुकान मंदाकनी साडी शौरूम वैशाली सर्किल जयपुर ने एक रिपोर्ट दर्ज करायी कि एक शक्स ने दुकान के छत्त से गेटो का ताला तोडकर ग्राउण्ड फ?लोर पर लगे गल्ले का ताला तोडकर 10-12 लाख रुपए की नगदी चुरा ली है। दुकान के सीसीटीवी फुटेज के अनुसार उक्त वारदात रात्रि 3.00 को की गई है। आदि पर प्रकरण संख्या 237/2025 धारा 331 (4), 305 (ए) बी.एन.एस. अधिनियम 2023 में थाना वैशाली नगर जयपुर दर्ज किया गया। जिस पर गठित टीम द्वारा जयपुर शहर में हुई नकबजनी एवं चोरी की घटनाओ का डाटा संकलित किया गया। चोरी की वारदातो के सम्बन्ध में आसूचना संकलित की गई। वारदात की सीसीटीवी फटेज खंगाले गये। चोरी की वारदातो के सम्बन्ध में आसुचना संकलित कर प्राप्त सूचना पर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए साईबर सेल जिला पश्चिम से प्राप्त तकनिकी इनपुट व आसुचना के आधार पर राकेश सिंह उर्फ रॉकी पुत्र श्री पुरन सिंह जाति राजपूत उम्र 27 साल निवासी गाँव रमैला थाना मंथतावली जिला चम्पावत उत्तराखण्ड हाल खाना बदोश जयपुर की पहचान कर डिटेन किया गया।

9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों की आम हड़ताल के समर्थन में जिला कलेक्ट्रेट पर होगा विरोध प्रदर्शन

झुंझुनू। संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठन अखिल भारतीय किसान सभा अखिल भारतीय किसान महासभा, जय किसान आंदोलन व क्रांतिकारी किसान यूनियन तथा राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों की अभियान समिति की घटक यूनियनों एटक, सीटू व एक्टू की तरफ से प्रेस कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेड यूनियनों की राष्ट्रीय अभियान समिति की तरफ से मजदूरों की राष्ट्रीय मांगों को लेकर 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल पर प्रकाश डाला। एटक यूनियन के जिला सचिव कामरेड बिड़दूराम सैनी ने बताया कि चार श्रम संहिताओं को खत्म करने और सभी संबंधित पक्षों की संतुष्टि के लिए भारतीय श्रम सम्मेलन तुरंत आयोजित कर बातचीत शुरू करने, न्यूनतम वेतन 26000 कर डीए से जोड? तथा हर 5 वर्ष में संशोधन करने, समान काम का समान वेतन देने, आयुध कारखानों का निगमीकरण बंद करने, संगठित क्षेत्र के मजदूरों को 9000 रुपए पेंशन डीए सहित प्रतिमाह देने, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों व किसानों को 6000 रूपए करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, मनरेगा में 200 दिन काम की गारंटी व खनन में ठेका प्रथा बंद करने, केसीसी में खदानों का विकास व विस्तार करने केसीसी में तुरंत कामगारों की भर्ती करने, केसीसी को कुंभाराम लिफ्ट योजना से 4 एम एल डी से बढ़ा कर 10 एम एल डी करने आदि मांगों को लेकर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के दौरान के सी सी में भी आम हड़ताल की जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि ने बताया कि 9 जुलाई के आम हड़ताल के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत जिला संयुक्त किसान मोर्चा ने झुंझुनू जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय किया। विरोध प्रदर्शन शहीद स्मारक से रवाना होगा। विरोध प्रदर्शन में मजदूर संगठनों की राष्ट्रव्यापी मांगों के साथ किसानों को एमएसपी गारंटी की मांग, राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति के नाम पर तीन काले कानूनों की वापसी की साजिश बंद करने, अमेरिकी दबाव में अमेरिकी कृषि जिंसों पर टैरिफ कटौती किसी भी सूरत में न करने, झुंझुनू जिला में यमुना नहर का पानी लाने, काटली नदी को पुनर्जीवित करने, मंदिर माफी की कृषि भूमि पर काबिज किसानों को खातेदारी अधिकार देने आदि मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। प्रेस वार्ता को सीटू के कामरेड गजराज कटेवा, जय किसान आंदोलन के राज्य अध्यक्ष कैलाश यादव, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव कामरेड मदन सिंह यादव, मलसीसर तहसील अध्यक्ष कामरेड अरविंद गढ़वाल, क्रांतिकारी किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कामरेड पोकर सिंह झाझडि?ा, एक्टू के जिलाध्यक्ष कामरेड मनफूल सिंह, एटक के कामरेड गंगा सहाय सैनी, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के खुशीराम यादव ने संबोधित किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत नाना ग्राम पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय शिविर में निशुल्क पट्टा प्रदान किया गया

उपखण्ड बाली क्षेत्र नाना मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष यह पहल पखवाड़ा के अंतर्गत अन्त्योदय के सिद्धांत सबसे अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुँचाना के अनुरूप स्वच्छता एवं जनकल्याण को समर्पित रही अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य बाजार भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड एवं गली मोहल्ले

वार्डों में रात्रि सफाई कार्य प्रारंभ किया गया सफाई कर्मचारियों ने तत्परता से झाड़ू लगाना कचरा उठाना और सफाई से संबंधित अन्य कार्य किए इस अवसर पर आदि सहित नाना पंचायत के सफाई कर्मचारी मौजूद थे अधिशाषी अधिकारी सुदर्शन जांगू ने बताया कि नाना थाना अधिकारी रतनसिंह देवड़ा नायब तहसीलदार अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश जानी ग्राम सेवक सरपंच प्रति सरपंच कमला देवी मुकेश बोहरा रणजीतसिंह उपस्थित रहे ये सब तो आप अच्छे से जोड़ लोगे द्वारा स्वच्छता और सेवा के कार्य पखवाड़ा की आगामी तिथियों में भी निरंतर जारी रहेंगे नाना पंचायत सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे स्वच्छता में भागीदारी करें कचरा निर्धारित स्थलों पर ही डालें एवं नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान कर अपनी सहभागिता निभाए

वैशाली जिले भगवानपुर प्रखंड महमदाबाद पंचायत में संध्या चौपाल

देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से

वैशाली जिले अन्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के महमदाबाद पंचायत में संध्या चौपाल। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के शत प्रतिशत सफलता हेतु

जिलाधिकारी बर्षा सिंह द्वारा जिला के विभिन्न प्रखंडों में लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। आज महमदाबाद पंचायत के पंचायत सरकार भवन के प्रागंण में आयोजित संध्या चौपाल में शिरकत किया गया। जिलाधिकारी के आगमन पर आदर्श उच्च विद्यालय सराय के स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा बैंड बाजें से स्वागत किया गया। गांधी जी के प्रतिरूप बच्चे को जिलाधिकारी बर्षा सिंह द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। चौपाल का आगाज स्थानीय महिला मतदाता के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्काउट के बच्चों द्वारा स्वागत गीत संस्कृत में किया गया। तदोपरांत स्काउट के बच्चे द्वारा स्थानीय बोलचाल की भाषा में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को गीत में पिरोकर प्रस्तुति दिया गया।इस गीत से उपस्थित मतदाता सहित जिलाधिकारी भी खुशी जाहिर की। स्काउट के बच्चों द्वारा गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को स्थानीय वजिक्का भाषा में नुक्कड़ नाटक किया गया और चौपाल में शिरकत करने वाले मतदाताओं से आग्रह किया गया कि अपने परिवार के साथ साथ आस परोस के लोगों को भी गणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें। बीएलओ को समय से गणना प्रपत्र विस्तृत जानकारी भरकर आवश्यक दस्तावेज लगाकर निश्चित रूप से 26 जुलाई के पूर्व जमा कर दे ।

गरीबी मुक्त राजस्थान की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बड़ी पहल

राज्य सरकार ने शुरू की पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना

जयपुर, 02 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के गांवों को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश के बीपीएल ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए शुरू की गई ह्लपण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजनाह्व के तहत पहले चरण में 5 हजार गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों के चयनित बीपीएल परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह योजना राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को नया आयाम देने की की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

गरीबी रेखा से ऊपर आए परिवारों को मिलेगी 21 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि

योजना के तहत ऐसे परिवार जो अपने प्रयासों से गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं, उन्हें सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े में ऐसे परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे 22400 परिवारों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तान्तरित की जाएगी। अब तक 17 हजार 891 परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा इन परिवारों को प्रोत्साहन स्वरूप आत्मनिर्भर परिवार कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

योजना के तहत चयनित गांवों में आत्मनिर्भर परिवारों के अतिरिक्त जिन परिवारों को गरीबी से उबरने में सहायता की आवश्यकता है, उन्हें आय सृजन, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन के लिए राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। अब तक 61 हजार 442 परिवारों के आवेदन प्राप्त किये जा चुके हैं।

पहले चरण में 30,631 बीपीएल परिवार चिन्हित

योजना के पहले चरण में राज्य के 5002 गांवों में कुल 30,631 बीपीएल परिवारों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित समस्त परिवारों का भौतिक सर्वे पूर्ण कर लिया गया है तथा इनका बीपीएल जनगणना 2002 के आंकड़ों का मिलान कर वेब पोर्टल पर सर्वे इन्द्राज कर दिया गया है। सर्वे के आधार पर प्रत्येक गांव के लिए ह्यगरीबी मुक्त गांव कार्य-योजनाह्व बनाई जा रही है। इस योजना में सरकार की अन्य योजनाओं का भी समन्वय किया जा रहा है ताकि गांवों का समग्र विकास हो सके। इस योजना का मूल उद्देश्य बीपीएल जनगणना 2002 के अनुसार चिन्हित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना राज्य के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की जाएगी।

बीपीएल परिवारों को एक लाख तक सहायता

योजना के तहत बीपीएल परिवारों को स्वरोजगार और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों के लिए अधिकतम 1 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी। इसी तरह स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रति परिवार 15 हजार रुपये तक की कार्यशील पूंजी दी जाएगी।

उत्कृष्ट जिलों को मिलेगा विशेष पुरस्कार

इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को प्रोत्साहन के रूप में विशेष वित्तीय पुरस्कार भी दिए जाएंगे। त्रैमासिक रैंकिंग के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले जिलों को क्रमशः 50 लाख, 35 लाख और 25 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।

दूसरे चरण में अब तक 22,872 परिवारों का सर्वे

दूसरे चरण में भी 5002 गांवों को चयनित किया गया है, जहां बीपीएल परिवारों का सर्वेक्षण जारी है। इन गांवों में भी योजना के तहत योग्य परिवारों को चिह्नित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 22 हजार 872 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्मदिवस पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

जयपुर, 2 जुलाई 2025। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित करते हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने पौधारोपण कर हरित राजस्थान का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि इस अवसर पर कार्यालय में कार्यरत सफाईकर्मियों एवं सुरक्षा कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें मिठाई वितरित की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भाजपा के "सेवा ही संगठन" संकल्प को साकार करता है। इस विशेष आयोजन में भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, अजीत माँडन, मिथिलेश गौतम, स्टेफी चौहान, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता अपूर्वा सिंह एवं प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, जयपुर जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी ने भाग लिया और सभी ने सफाईकर्मियों का आत्मीय सम्मान कर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्मदिन की खुशी साझा की। कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्मदिवस पर पूरे राजस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, पूजन, हवन, दान-पुण्य, पौधारोपण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य शामिल रहे। इन सभी आयोजनों का उद्देश्य राठौड़ के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करना रहा।

सभी हेरिटेज धरोहरों का सर्वे कर विकास करवाने के दिए निर्देश

जयपुर, 02 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सीकर, झुंझनूं और चूरू जिले में स्थित शेखावाटी की हेरिटेज हवेलियों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ये बहुत ही दुर्लभ हवेलिया हैं, जिनके संरक्षण के लिए अधिनियम भी लाने की आवश्यता हुई तो अधिनियम लाया जा सकता है।

श्री शर्मा ने कहा कि पर्यटन, कला और संस्कृति को बढ़ावा देना और उनका सरंक्षण करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में सभी हेरिटेज धरोहरों का सर्वे कर उनका विकास करवाया जाए। उन्होंने प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति को बुधवार को शेखावाटी की 662 हेरिटेज हवेलियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की ओर से इस हेतु झुंझुनूं,चूरू और सीकर जिला कलेक्टरों को भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता से राजस्थान की इस अनमोल धरोहरों को संरक्षित करने के लिए हर कीमत पर प्रतिबद्ध है। सभी कलेक्टर अपने जिले में हेरिटेज भवनों, का संरक्षण करें तथा इसके लिए सीएसआर से सहयोग भी ले सकते हैं।

जिसकी वजह से दल व परिवार से बाहर हुये लालू के बड़े लाल तेजप्रताप यादव उससे मिलने पहुंचे, 7 घंटे बाद अनुष्का यादव के घर से बाहर निकले

पटना 2 जुलाई (पी एम ए) राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बड़े लाल पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव अब अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर सामने आ गये हैं। अभी हाल ही में तेजप्रताप यादव ने अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुल कर मीडिया में कहा कि हां मैंने प्रेम किया है और इसमें कोई गलती नहीं। अब सोमवार को तेजप्रताप यादव अपने प्रेमिका अनुष्का यादव से मुलाकात करने उसके घर भी पहुंचे। वे वहां करीब 7 घंटे तक रहे। वहां से निकलते समय पत्रकारों ने उनसे आने के बारे में पूछा तो तेजप्रताप यादव ने कहा कि रिश्ता है तो मिलने आया हूं, कोई रोक थोड़े ही देगा। इसके बाद तेजप्रताप यादव अपनी गाड़ी पर बैठ कर चलते बने। बता दें कि, लालू के बड़े लाल पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने पिछले महीने सोशल मीडिया फेसबुक पर पोस्ट कर अनुष्का यादव के साथ 12 वर्षों से रिलेशनशिप में रहने का खुलाशा किया था। इसके बाद सूबे बिहार में काफी सियासत भी हुयी। वहीं, लालू परिवार की किरकिरी कराने वाले लालू के बड़े लाल पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव को राजद से 6 वर्षों के लिये निष्कासित कर दिया गया। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने उन्हें परिवार से भी बेदखल कर दिया। इसके बाद से तेजप्रताप यादव शांत थे। लेकिन, अब तेजप्रताप यादव खुल कर सामने आ गये हैं।

लुधियाना पश्चिम से विधायक चुने जाने के बाद संजीव अरोड़ा ने राज्यसभा से इस्तीफा दिया

अंतिम तिथि से 7 दिन पहले संवैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए पद छोड़ा।

लुधियाना, 02 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव में हाल ही में मिली जीत के बाद सांसद संजीव अरोड़ा ने आधिकारिक तौर पर राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। अरोड़ा ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति आवास में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें अपना त्यागपत्र सौंपा। उन्होंने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला दिया, जो चुनाव परिणामों के संबंध में 24 जून, 2025 की राजपत्र अधिसूचना के 14 दिनों के बाद संसद और राज्य विधानमंडल दोनों में एक साथ सदस्यता पर रोक लगाते हैं। लगभग तीन वर्षों तक उच्च सदन में सेवा देने वाले अरोड़ा ने अपने कार्यकाल के दौरान पंजाब के लोगों, साथी सांसदों और राज्यसभा के सभापति के समर्थन और सहयोग के लिए उनका गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय विधायी प्रक्रियाओं में प्राप्त मूल्यवान अनुभव को स्वीकार किया और सभापति के मार्गदर्शन और नेतृत्व की सराहना की। अरोड़ा ने अपने त्यागपत्र में कहा, "राज्यसभा के सदस्य के रूप में सेवा करना और राष्ट्रीय स्तर पर विधायी प्रक्रिया में योगदान देना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है।" उन्होंने चेयरमैन, साथी सदस्यों और पंजाब के लोगों को उनके प्रति दिखाए गए विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उनका इस्तीफा एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव को दशार्ता है क्योंकि वे राष्ट्रीय मंच से राज्य विधानसभा में जा रहे हैं। अरोड़ा ने 19 जून को लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में 10,637 मतों के अंतर से जीत हासिल की, जो मौजूदा विधायक के असामयिक निधन के बाद हुआ था। आप के वरिष्ठ नेतृत्व ने उनके राज्यसभा कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए प्रभावशाली कार्यों को स्वीकार करते हुए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया। अरोड़ा ने 10 अप्रैल, 2022 को राज्यसभा में पदभार ग्रहण किया। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने 80% की उपस्थिति दर बनाए रखी, जो राष्ट्रीय औसत से मेल खाती है और राज्य के औसत 77% से आगे निकल गई। उन्होंने 82 बहसों में भाग लिया, जो राष्ट्रीय (79.8) और राज्य (44.6) दोनों औसत से अधिक है, जो राष्ट्रीय विमर्श में उनकी सक्रिय भागीदारी को दशार्ता है। उन्होंने 229 प्रश्न भी उठाए, जो राष्ट्रीय औसत 134.22 और राज्य औसत 204 से काफी अधिक है, जो सार्वजनिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए उनके सक्रिय दृष्टिकोण को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया, जो राष्ट्रीय औसत (0.9) के अनुरूप है, हालांकि राज्य औसत (1.9) से थोड़ा कम है। अरोड़ा की चुनावी जीत को उनके निरंतर प्रदर्शन और समर्पण के लिए सार्वजनिक समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। लुधियाना पश्चिम के मतदाताओं ने पिछले तीन वर्षों में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण विकास प्रयासों को मान्यता देते हुए उनका पूरे दिल से समर्थन किया। अरोड़ा को तत्काल प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु से 43.34% अधिक वोट मिले। इस बीच, राज्यसभा के सभापति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से इस्तीफे को स्वीकार किए जाने की पुष्टि की है।

सुखपाल सिंह खैरा, विधायक ने आम आदमी पार्टी सरकार की पंजाब के वित्तीय संकट को और बढ़ाने के लिए कड़ी निंदा की, जिसके तहत पंजाब पर 8,500 करोड़ रुपये का नया कर्ज लाद दिया गया

जालंधर, 02 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा) पंजाब भोलाथ से कांग्रेस विधायक और अखिल भारत किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की पंजाब को वित्तीय संकट में धकेलने के लिए कड़ी निंदा की। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, आप सरकार जुलाई और सितंबर 2025 के बीच अतिरिक्त 8,500 करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बना रही है, जिससे पहले से ही 3.82 लाख करोड़ रुपये के चौंका देने वाले कर्ज में और वृद्धि होगी। खैरा ने आप सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि यह नया कर्ज वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए प्रतिदिन 92 करोड़ रुपये की दर से है। खैरा ने कहा, "मुख्यमंत्री भगवंत मान मीडिया अभियानों और राजनीतिक ड्रामे से लोगों का ध्यान भटका रहे हैं, जबकि उनकी सरकार चुपचाप पंजाब को कर्ज के जाल में धकेल रही है।" "केवल तीन वर्षों में, अअढ ने पंजाब के कर्ज को 1 लाख करोड़ रुपये बढ़ा दिया है, जो मार्च 2024 तक 3.82 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और मार्च 2026 तक 4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। यह हर पंजाबी के साथ विश्वासघात है।" कांग्रेस विधायक ने 2022 के चुनाव अभियान के दौरान अअढ के वादों का हवाला दिया, जिसमें पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल ने बजट घाटे को खत्म करने और भ्रष्टाचार और अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाकर 64,000 करोड़ रुपये बचाने का दावा किया था। खैरा ने सवाल किया, "यह वादा किया गया फंड कहां है?" ह्लराजस्व पैदा करने के बजाय, अअढ अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए जुलाई में 2,000 करोड़ रुपये, अगस्त में 3,000 करोड़ रुपये और सितंबर में 3,500 करोड़ रुपये उधार ले रही है।

पंजाब का ऋण-जीडीएसपी अनुपात अब भारत में दूसरे सबसे अधिक है, जो एक ऐसे राज्य को दशार्ता है जो दिवालियापन के कगार पर है।ह्व

खैरा ने सरकार पर कृषि, सार्वजनिक कार्यों और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं को रोकने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि बढ़ते कर्ज को चुकाने के लिए धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने नवीनतम वित्तीय खुलासों का हवाला देते हुए कहा, ह्लअअढ सरकार के पास इस भारी कर्ज की भरपाई के लिए कोई नया बुनियादी ढांचा या योजना नहीं है। पंजाबियों पर प्रति व्यक्ति औसतन 1.33 लाख रुपये का कर्ज है, जिससे कोई ठोस लाभ नहीं मिल रहा है।

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए- अतिरिक्त उपायुक्त

(सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

सड़क सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक स्कूल प्रमुख सुरक्षा स्कूल वाहन नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल प्रमुख का यह कर्तव्य है कि वह अपने स्कूल में आने वाले बच्चों के वाहनों की जांच करें कि क्या वह वाहन बच्चों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त है और क्या वह सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि लोगों की कीमती जान बचाई जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ट्रैफिक लाइटों की मरम्मत करवाएं और कोई भी ट्रैफिक लाइट खराब न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाएं ज्यादातर आवारा पशुओं के साथ हो रही हैं और इन आवारा पशुओं पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सड़कों के आसपास साइन बोर्ड लगाए जाएं ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो। मीटिंग के दौरान सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक राजिंदर सिंह ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 तक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर 6800 चालान किए गए हैं और भारी मात्रा में जुमार्ना वसूला गया है। इस अवसर पर सहायक ट्रांसपोर्ट अधिकारी मनदीप सोही, मैडम शालू हरचरण, डीडीपीओ संदीप मल्होत्रा, अरविंदर भट्टी, गुरिंदर सिंह मट्ठ, जिले में काम कर रही समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन व डिप्टी कमिश्नर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पैनोरमा का किया दौरा

अमृतसर, 02 जुलाईः (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

कंपनी बाग स्थित महाराजा रणजीत सिंह पैनोरमा की सफाई प्रबंधों को लेकर नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन करमजीत सिंह रिंटू, डिप्टी कमिश्नर अमृतसर मैडम साक्षी साहनी, अतिरिक्त कमिश्नर नगर निगम सुरिंदर सिंह ने महाराजा रणजीत सिंह पैनोरमा का दौरा किया। श्री रिंटू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैनोरमा की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह पैनोरमा महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल की झलक दिखाने वाला एक अनूठा स्थान है जो आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर मैडम साहनी ने पैनोरमा का दौरा करते हुए नगर निगम अधिकारियों को पैनोरमा के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सफाई के अच्छे प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैनोरमा में एक नया एसी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि गुरु नगरी में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं तथा बड़ी संख्या में पर्यटक भी इस पैनोरमा को देखने आते हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि वे इसके रखरखाव को सुनिश्चित करें ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त श्री सुरेन्द्र सिंह ने उपायुक्त के संज्ञान में लाया कि पैनोरमा में 250 केवी का नया जनरेटर, 60 टन का नया एसी प्लांट, पैनोरमा की मरम्मत तथा ड्रामा हॉल नंबर 1,2,3 में मरम्मत कार्य आवश्यक है, जिस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पैनोरमा के अपग्रेडेशन का कार्य तुरंत शुरू किया जाए तथा इस संबंध में यदि कोई समस्या आती है तो उनके संज्ञान में लाया जाए।

बिहार सरकार ने ऐतिहासिक पुनौराधाम माता जानकी मंदिर का भव्य निर्माण के लिये 882 करोड़ 87 लाख रुपए किये जारी, तीन चरणों में होगा निर्माण कार्य

पटना 2 जुलाई (पी एम ए) बिहार में सीतामढ़ी स्थित ऐतिहासिक पुनौराधाम में माता जानकी मंदिर का भव्य निर्माण कराने के लिये 882 करोड़ 87 लाख रुपये जारी किये गये हैं। यह राशि बिहार सरकार ने दी है। माता जानकी मंदिर का निर्माण कार्य तीन चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें 137.34 करोड़ रुपये की लागत से पुनौराधाम स्थित पुराने मंदिर का उन्नयन कार्य, 728 करोड़ रुपये खर्च करके पर्यटन संबंधित आधारभूत संरचना का विकास तथा 10 वर्ष तक इसके रख-रखाव पर 16.62 करोड़ रुपये के खर्च का प्रावधान किया गया है।

मोहर्रम के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

झुंझुनू। आगामी 6 जुलाई को मोहर्रम के त्योहार को देखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने शांति समिति की बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न स्थानों के लिए नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट्स एवं पुलिस अधिकारी, स्थानीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों के अधिकारियों, जलदाय विभाग, एवीवीएनएल, बीएसएनएल के अधिकारियों को मोहर्रम के पूरे रास्ते पर व्यक्तिशः भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने झुंझुनू शहर के शहीदान चौक, चबूतरा चौक में मेडिकल टीम एम्बूलेंस की व्यवस्था करने, पानी व बिजली की सप्लाई सुचारू रखने, मोहर्रम के अखाड़ों के स्थान पर मिट्टी डलवाने, रास्ते में विद्युत व टेलीफोन तथा केबल के ढीले तारों की कसवाने, झुंझुनू के रोड नं 2 व 3 तथा पीपली चौक, मण्डावा मोड़, कपड़ा बाजार, मुफीदों के मोहल्ले व चेजारों की हवेली के पास, मोहल्ला खोरा आदि पर पुलिस की विशेष गश्त तथा ताजियों के जुलूस के साथ पर्याप्त पुलिस जाब्ता लगाने, ताजियों के बीच की दूरी 100 मीटर रखने, ताजियों के साथ मोबाइल डिस्पेन्सरी रखने, विद्युत ट्रांसफार्मर को कवर करने, बेसहारों पशुओं को ताजियों के मार्ग में आने से रोकने की व्यवस्था करने, ताजियादारों के रास्तों पर खराब सीसीटीवी कैमरों को ठीक करवाने व जिन रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं, वहां कैमरे लगवाने व ड्रोन से निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य, सीईओ जिला परिषद रणजीत गोदारा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इन्हें नियुक्त किया गया है मजिस्ट्रेट

झुंझुनू संपूर्ण कस्बे के लिए एसडीएम हवाई सिंह यादव, टीबड़ा हवेली के लिए जिप सीईओ रणजीत सिंह, शहीदान चौक के लिए एसीईएम सुप्रिया कालेर, शहीदान चौक से कर्बला के लिए मंडावा तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर, कर्बला के लिए झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र मूंड, मंडावा के लिए मंडावा एसडीएम मुनेश कुमारी, मलसीसर के लिए एसडीएम पंकज शर्मा, महनसर व गांगियासर के लिए बिसाऊ तहसीलदार पूनम मीणा, बिसाऊ नगरपालिका क्षेत्र के लिए ईओ सुरेश वर्मा, अलसीसर के लिए मलसीसर तहसीलदार महेश ओला, बगड़ के लिए ईओ प्रमोद जांगिड़, चिड़ावा के लिए एसडीएम नरेश सोनी, नरहड़ के लिए चिड़ावा तहसीलदार कमलदीप पूनिया, सुल्ताना के लिए ईओ कुलदीप, मंड्रेला के लिए नायब तहसीलदार राजकुमार सिहाग, सूरजगढ़ के लिए तहसीलदार बजरंग जाखड़, पिलानी के लिए तहसीलदार सोनू आर्य, नवलगढ़ के लिए एसडीएम जयसिंह, चिराना के लिए नवलगढ़ ईओ सीताराम वर्मा, मुकुंदगढ़ के लिए नायब तहसीलदार रामस्वरूप बाकोलिया, गुढ़ागौडजी के लिए तहसीलदार कुलदीप भाटी, बुहाना के लिए एसडीएम सुमन देवी, सिंघाना के लिए नायब तहसीलदार सत्यनारायण सेन, खेतड़ी के लिए एसडीएम मुकेश चौधरी, बबाई के लिए नायब तहसीलदार विजयपाल, उदयपुरवाटी के लिए एसडीएम सुमन सोनल, केड के लिए उदयपुरवाटी तहसीलदार रजनी यादव को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

एसीबी विशिष्ट न्यायालय के लिए अल्पसंख्यक कॉमन सर्विस सेंटर हॉल का आवंटन निरस्त करने की मांग

झुंझुनू। अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर विशिष्ट न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के लिए अल्पसंख्यक कॉमन सर्विस सेंटर के हॉल को आवंटित किए जाने के निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि अल्पसंख्यक विभाग के कार्यालय के नीचे बने हॉल में सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे जन जागरुकता कार्यक्रम, शिविर, कार्यशाला, विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जनप्रतिनिधियों की बैठकें, मदरसों से संबंधित कार्यशाला, छात्रवृति के संबंध में जिले में स्थित शिक्षण संस्थानों के कैंप इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। हॉल का आवंटन विशिष्ट न्यायालय को होने से अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ कार्यक्रमों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए नुकसानदायक होगा।

24 लाख की लागत से वार्ड 48 के पार्को में होंगे विकास कार्य

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के द्वारा किये गये शिलान्यास के कार्य का आज पार्षद कुमकुम शक्तिसिंह मानपुरा ने दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर पार्क महादेव नगर से शुभारंभ किया जिसके तहत 24 लाख की लागत से संस्कार विहार,इंजीनियर्स कॉलोनी, रघुनाथ विहार,मंगल नगर और जनक विहार पार्क के अंदर इंटरलॉकिंग टाइल्स, रेलिंग, टीन सैंड, रंग रोगन, पेड़ पौधे और घास लगायी जाएगी इस मौके पर नरपत सिंह नरुका,जितेंद्र सिंह शेखावत,शंकरलाल शर्मा,रामअवतार यादव, राजेश पारीक, शिव सिंह अनिल कटोच,नंद सिंह,कैलाश सिंह, नितेश शर्मा,राजाराम सिंह, कैलाश सैनी,शंकर अग्रवाल चमन लाल कटारिया और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी और मातृशक्ति मौजूद रहे

बैनांड में हुआ "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर"का आयोजन

जयपुर @ रामपुरा डाबडी तहसील के ग्राम बैनांड रैगर धर्मशाला में युवा नेता, समाजसेवी विनायक मीणा के जन्मदिन पर प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आमेर विधायक प्रशांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ विशिष्ट अतिथि के रूप उप जिलाप्रमुख मोहन डागर, पीसीसी सचिव महेन्द्र सिंह खेड़ी, युवा नेता हरीश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस राकेश मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष बाबुलाल भुखल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामबिहारी शर्मा, मंडल अध्यक्ष ऐश्वर्य अटल, समाजसेवी मुकेश मीणा, राजेन्द्र अटल, मनोज नेकाडी, विकास मीणा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे। रक्तदान शिविर" में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में आये हुए अतिथियों ने रक्तदाताओ का होंसला अफजाई कर उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डागर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए,रक्तदान से दूसरों को जीवनदान मिलता हैं। शिविर में गुरुकुल ब्लड बैंक बनीपार्क ने अपनी सेवाएं दी। देश में पहली बार गरीबों को मिलेगा विश्वस्तरीय कैंसर इलाज इतने कम खर्च में..

प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति एवं अध्यक्ष आरटीडीसी ने विभागीय सेवाओं को ऑनलाइन करने के दिए निर्देश

जयपुर, 02 जुलाई । प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति एवं अध्यक्ष आरटीडीसी श्री राजेश यादव की अध्यक्षता में आयुक्त पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक आरटीडीसी श्रीमती रुक्मणी रियाड़ की उपस्थिति में बुधवार को जयपुर स्थित पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

प्रमुख शासन सचिव ने विभागीय योजनाओं / स्कीम्स के क्रियान्वयन व प्रगति,निर्माण कार्यों की प्रगति एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति जैसे बिंदुओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विभाग में जहां पद खाली है वहां कार्यबाधित न हो इस हेतु वैकल्पिक रूप से आउटसोर्स किया जाए। उन्होंने ?पर्यटन विभाग में 13 पर्यटन अधिकारी 20 सहायक पर्यटन अधिकारी के पदों व अन्य विभिन्न पदों को वैकल्पिक व्यवस्था से भरने के निर्देश दिए।

जोधपुर बांसवाड़ा जोन की समीक्षा बैठक,

अधिकारी फिल्ड में रहे, बारिश से सड़क खराब हो तो तत्काल सही करवाये- उप मुख्यमंत्री, दिया कुमारी

जयपुर, 2 जुलाई । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिये है बरसात के मौसम में सड़के खराब होती है तो उन्हें तत्काल ठीक करवाया जाये ताकि आमजन को परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा है कि अधिकारी यह सुनिश्चित करे की बारिश की वजह से रोड खराब होने से यातायात बाधित न हो ,अधिकारी फि ल्ड में रहकर इसकी मॉनिटरिंग करें । उप मुख्यमंत्री बुधवार को शासन सचिवालय में जोधपुर जोन प्रथम एवं बांसवाड़ा जोन की सड़क एवं अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिये आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थी । गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री के निदेर्शों की पालना में पीडब्ल्यूडी के कार्यो की प्रगति के लिये हर सप्ताह जोनवार समीक्षा बैठक आयोजित जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ने जोधपुर , पाली, सिरोही, फलोदी , जालौर , बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों की सड़क परियोजनाओं की प्रगति की माइक्रो लेवल पर समीक्षा की।

अजमेर विकास प्राधिकरण की अटल आवासीय योजना में आवेदन प्रारम्भ

जयपुर, 2 जुलाई। अजमेर विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित एवं महत्वाकांक्षी अटल आवासीय योजना चाचियावास का बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी एवं जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया का शुभारम्भ किया गया। आवासीय योजना में समाहित कुल 270 भूखण्डों में से 191 भूखण्डों के लॉटरी द्वारा आवंटन के लिए ऑनलाईन आवेदन आज से प्रारम्भ हुए। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 31 जुलाई को रात्रि 11.30 बजे तक निर्धारित है। लॉटरी की सम्भावित दिनांक 21 अगस्त 2025 है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने इस योजना को एक सार्वजनिक हित में लिया गया सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उन परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी जो वर्षों से उचित दर पर अपने स्वयं के घर के सपने को साकार नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने अजमेर विकास प्राधिकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि ?से प्रयासों से शहर का संतुलित और योजनाबद्ध विकास होने के साथ आमजन को आवासीय सुरक्षा का अधिकार भी सुनिश्चित होता है। साथ ही उन्होंने एडीए के अधिकारियों को पूर्व में प्रारंभ की गई पृथ्वीराज नगर एवं अन्य अधूरी आवासीय योजनाओं के विकास को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इससे पहले से नियोजित योजनाओं को मूर्तरूप देकर जनहित में अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सकेगा।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा किसानों को मिला सम्मान,राजस्व रिकॉर्ड में काश्तकारों के नाम किए सही–

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बाड़मेर जिले की पंचायत समिति गडरारोड़ की ग्राम पंचायत देताणी में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देताणी के सलमान खान, हबीब खान व हसण खान ने उपस्थित होकर अपने पिता का सम्मानजनक नाम हारुण दर्ज करवाने और शेर मोहम्मद ने स्वयं का राजस्व रेकार्ड में दर्ज नाम शेरू को सही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी ईश्वर लाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड़ ने प्रार्थना पत्र की जांच हल्का पटवारी अभयसिह से करवाई और ग्राम पंचायत देताणी के सरपंच से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राप्त जांच के अनुसार सलमान खान, हबीब खान, हसण खान के पिता का नाम होता खान दर्ज हो गया था जो आम बोलचाल में बोला जाता था जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम हारुण दर्ज था।

उदयपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर और रानीवाड़ा के दुग्ध उत्पादकों को 2 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त बोनस, मिलेगा 370 रुपये में 2.5 लाख का स्वास्थ्य और 14 रुपये में 5 लाख का दुर्घटना बीमा

जयपुर, 2 जुलाई। डेयरी विभाग स्टेट बॉर्डर के जिलों के दुग्ध संघों को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इसके लिए गुजरात बॉर्डर से सटे चार जिला दुग्ध संघ उदयपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर और रानीवाड़ा (जालौर) के लिए एक विशेष पॉलिसी बनाई जा रही है। इन जिलों के रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के कल्याण तथा डेयरी प्लांट्स के अपग्रेडेशन के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। डेयरी, पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने इस कार्ययोजना की क्रियान्विति के लिए राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की एमडी श्रीमती श्रुति भारद्वाज को निर्देशित किया है।

स्टेट बॉर्डर पॉलिसी के तहत इन जिलों के दुग्ध उत्पादक पशुपालक किसानों को मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में मिलने वाले 5 रुपए अनुदान के अतिरिक्त दो रुपए प्रति लीटर बोनस देने की योजना है। इन चारों जिला संघों में रोजाना औसतन एक लाख 75 हजार किलो दूध का संकलन होता है। इसके तहत कुल 20 हजार 786 दुग्ध उत्पादक किसान लाभान्वित होंगे। इनमें उदयपुर डेयरी के 11 हजार 447, रानीवाड़ा-जालौर के 5160, बाड़मेर के 2226 तथा बांसवाड़ा डेयरी संघ के 1953 पशुपालक किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत उक्त चार दुग्ध संघों के रजिस्टर्ड पशुपालक किसान के कुल चार सदस्यों का महज 370 रुपए यानी कुल प्रीमियम की 10 फीसदी राशि में ढाई लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा होगा। इसके अलावा केवल 14 रुपए में पांच लाख रुपए का दुर्घटना बीमा किया जाएगा। इसमें बीमाधारक की हादसे में मौत होने पर आश्रित परिवार को पांच लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। यदि हादसे में बीमाधारक अपंग हो जाता है तो उसे ढाई लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। योजना में शेष 90 फीसदी प्रीमियम राशि आरसीडीएफ व संबंधित दुग्ध संघ वहन करेगा। श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि रजिस्टर्ड पशुपालक किसानों की बेटी के विवाह में भी आरसीडीएफ अपना सामाजिक दायित्व निभाएगा। इसके तहत सरस लाडो मायरा योजना इन जिलों में लागू करने की योजना है। सरकार के सहयोग से इन जिलों के रजिस्टर्ड करीब 20 हजार से ज्यादा दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों की शादी में 21 हजार रुपए का पारंपरिक मायरा दिया जाएगा। यह योजना सामाजिक परंपरा को निभाने के साथ-साथ आर्थिक सहारा भी प्रदान करेगी। श्री कुमावत ने बताया कि यह योजना केवल आर्थिक मदद नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम है। इसका उदेश्य लिंगानुपात सुधारना, बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देना और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकना है। इससे किसानों विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को राहत मिलेगी।

वृक्षारोपण कर सेवा सप्ताह की शुरूआत

झुंझुनू। विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल झुंझुनू ने प्रांत धमार्चार्य सह सम्पर्क प्रमुख रामानंद पाठक के सानिध्य एवं जिला मंत्री जयराज जांगिड़ की अध्यक्षता व बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति के नेतृत्व में सिद्ध श्री वीर हनुमान मन्दिर, मोदियों जाव, नमन सिटी में वृक्षारोपण कर सेवा सप्ताह की शुरूआत की गई। जिसमें 1 से 7 जुलाई तक पूरे जयपुर प्रांत में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्य विश्व हिन्दू परिषद् के वार्षिक कार्यों में एक है। इस मौके पर नगर संयोजक पिंटू कुमावत, मिलन प्रमुख सोनू कुमावत, पार्षद अशोक प्रजापति, रोहन सैनी, मनोज कुण्डलवाल, मनोज कुमावत, गौरव सोनी, मुकेश शर्मा, रतनलाल शर्मा, पार्षद संजय पारीक, लक्ष्मीकांत डुलगच, मनोहर धूपिया, संदीप हिसारिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

पौधरोपण कार्यक्रम की हुई शुरूवात

झुंझुनू। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सहल के नेतृत्व में बीबाणी धाम श्मशान भूमि व बालाजी मंदिर परिसर में पौधे लगाने की शुरूवात हुई। जिसमें बुधवार को पत्नी मधु सहल को साथ ले जाकर पीपल व बड़ के पेड़ लगाकर शुरूवात की। साथ ही अच्छी किस्म के फलदार, छायादार पौधे व अच्छी किस्म की फुलवारी लगाई। जिसमें जामुन, अमरूद, नींबू, आंवला के पौधे लगाएं। सहल ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम 5 दिन तक निरंतर जारी रहेगा जो की आसपास के स्थानों पर जरूरत के अनुसार पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सप्तऋषि महामंडल के अध्यक्ष हरि किशन शुक्ला, ताराचंद सैनी, अनिल जोशी, चंद्र प्रकाश जोशी ,विकास पुरोहित, बबलू जोशी, सुनील, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर गोयल ने ली बैठक

झुंझुनू। मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने अपने 2 दिवसीय दौरे में बुधवार को झुंझुनू कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग की मौजूदगी में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्होंने इस वर्ष की थीम सीनियर सिटीजन यानी वरिष्ठ नागरिकों के बारे में बताते हुए कहा कि बहुजन अपने बच्चों व रिश्तेदारों से आवश्यक होने पर भरण पोषण की मांग कर सकते हैं। वृद्धजन संतान को संपति हस्तांतरित करने के बाद सेवा सुश्रुषा नहीं होने पर डीड निरस्त भी करवा सकते हैं। इसके अलावा सीनियर सीटीजन मेन्टेनेंस ट्रिब्यूनल (एससीएमटी) के जरिए एसडीएम को भी समस्या होने पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने इस संबंध में सेमीनार करवाने के निर्देश भी दिए। गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अपील के लिए दिल्ली आने, वकील अथवा किसी प्रकार के शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाईन भी सहायता ली जा सकती है। गोयल ने बैठक में पेयजल व्यवस्था, मिड डे मील, कैदियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश किए। उन्होंने जिले में मानवाधिकारों के पालन की बात कही। बैठक में कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह, एडीएम अजय कुमार आर्य, एएसपी फूलचंद मीणा समेत संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकाली

झुंझुनू। शहर के खटीको के मौहल्ले में स्थित भैरूजी मन्दिर की स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व एक नंबर रोड स्थित राधा कृष्ण मन्दिर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया व निशान देकर रैली को रवाना किया गया। रैली शहर के रोड नं 1 से होकर खटीकान मन्दिर तक आई। जिसमें मुख्य कार्यकर्ता में पप्पूराम नावरिया, पवन नावरिया, रामसिंह नावरिया, मुंशी नावरिया, सांवरमल नावरिया, बाबूलाल, चिरंजीलाल नावरिया, देवकरण, जुगल, माईराम, अशोक, मुकेश, विकास, सोनू, विशाल, आकाश, नितीश, सावन, विवेक, राकेश, विक्रम, जैकी आदि नावरिया समाज के लोग उपस्थित रहे। रैली का आयोजन नावरिया परिवार की तरफ से किया गया।

अभिरुचि शिविर में सीखे हुए कौशल को जीवन में उतारें : सिंघानिया

झुंझुनू। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कला कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह स्काउट गाइड जिला उप प्रधान विनोद सिंघानिया के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया की ग्रीष्मकालीन कला कौशल शिविर का प्रारंभ 17 मई से किया गया, जिसमें 250 से अधिक स्काउट गाइड्स एवं अन्य विद्यालयों, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। शिविर में मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, कढ़ाई बुनाई, हस्तकला, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, स्केटिंग, स्पोकन इंग्लिश, नृत्य एवं स्काउट गाइड की अन्य विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डॉक्टर्स डे पर श्री हनुमान बालाजी चेरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर की ऐतिहासिक पहल

कड़कड़डूमा, दिल्ली, 1 जुलाई 2025:

डॉक्टर्स डे के अवसर पर श्री हनुमान बालाजी चेरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर ने दिल्ली के कड़कड़डूमा में अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र की शुरूआत की है। यह सेंटर उन मरीजों के लिए आशा की नई किरण है, जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। रेडिएशन जैसी विश्वस्तरीय तकनीकों से युक्त है। ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद बिंदल और उपाध्यक्ष डॉ. प्रियंका ठाकरान ने बताया कि यहां ब्रेन, लंग, ब्रेस्ट, पैंक्रियाज और पौरुष ग्रंथि सहित सभी प्रकार के कैंसर का इलाज संभव होगा। यह केंद्र पूरी तरह सेवा-प्रधान है। जहां अन्य अस्पतालों में रेडिएशन थेरेपी 3.5 लाख तक में होती है, वहीं यहां यह केवल 80,000 रुपये में दी जाएगी। ढएळ-उळ स्कैन सिर्फ 8,500 रुपये में उपलब्ध है। 1 मिमी तक की सटीकता से रेडिएशन दिया जाएगा, जिससे स्वस्थ अंगों को कोई नुकसान नहीं होगा।इलाज पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। कोई छिपा शुल्क नहीं लिया जाएगा और रिपोर्ट्स डिजिटल रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। डढऊ सेवा भी शुरू हो चुकी है। फिलहाल यहां 60 बेड हैं, जिसे बढ़ाकर 175 किया जाएगा। डॉक्टर्स डे के अवसर पर शुरू यह सेवा देश में सस्ती और सुलभ चिकित्सा का मजबूत उदाहरण बनी है

राज्य सरकार ने शुरू की पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना

जयपुर, 02 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के गांवों को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश के बीपीएल ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए शुरू की गई पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत पहले चरण में 5 हजार गांवों का चयन किया गया है।

दौसा जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा लाया खु?शियां और राहत–

जयपुर, 2 जुलाई। हर वर्ग विशेषकर विकास के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण और उत्थान की प्रतिबद्धता की सोच के साथ राज्य सरकार की ओर से संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत लग रहे शिविरों में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मौके पर ही काम होने से आमजन राहत महसूस कर रहा है। किसी के रुके हुए सीमा ज्ञान, नामान्तरण एवं सहमति से जमीन विभाजन जैसे काम हो रहे हैं तो किसी को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। दौसा जिले के मण्डावर उपखण्ड की बावड़ीखेड़ा ग्राम पंचायत के सम्पत जोगी के तीन बेटों घनश्याम, राधेश्याम एवं भगवानसहाय तथा लल्लूराम माली के पुत्र गंगासहाय और अन्य का न्यायालय में काफी समय से भूमि बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन का विभाजन नहीं होने से वे परेशान हो रहे थे, आपसी कटुता बढ़ रही थी।

पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों के लिए आरपीएससी को भेजी अभ्यर्थना

जयपुर, 02 जुलाई-2025। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने पशुपालन विभाग के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों, पशुधन निरीक्षक के 2540 व पशु परिचर के 6433 पदों पर भर्ती को लेकर समीक्षा की। उन्होंने पशुपालन विभाग के निदेषक डॉ. आनंद सेजरा से भर्ती संबंधी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। श्री कुमावत ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों के लिए आरपीएससी को अभ्यर्थना भेज दी गई है। इसके अलावा पशुधन निरीक्षक की गत 13 जून-2025 को प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है, जिसका परिणाम जल्द से जल्द जारी करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तरह पशु परिचर के डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, मगर कुछ आवेदकों के कोर्ट में चले जाने के कारण मामले में विभाग की ओर से मजबूत पैरवी

करने के लिए कहा गया है।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पर चर्चा करते हुए 15 अगस्त-2025 तक समस्त 16 लाख पशुओं का पशुपालन विभाग की ओर से हेल्थ सर्टिफिकेट जारी कर संबंधित बीमा कंपनी को पॉलिसी वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के पशुपालन विभाग के भवनों की मरम्मत व नए भवन निर्माण का कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। मंत्री श्री कुमावत ने नेशनल लाइव स्टॉक मिशन के तहत आवेदनों के त्वरित निस्तारण, पशु चिकित्सा महाविद्यालय व डिप्लोमा कोर्स के संचालन को लेकर भी समीक्षा की। मंत्री श्री कुमावत ने लंम्पी, गलघोंटू व लंगड़ा बुखार सहित गौवंश में अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण की प्रगति के बारे में समीक्षा कर कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग के डायरेक्टर डॉ. आनंद सेजरा, अतिरिक्त निदेशक (फार्म व संपदा) श्री विकास शर्मा व पशु चिकित्सा अधिकारी (वाद) श्री अनिल महर्षि मौजूद रहे।

शराब माफिया ने खेप पकड़ाने की संदेह में चौकीदार को फंसाया



देश का दर्पण न्यूज(बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार ।

पातेपुर के बलिगांव थाना क्षेत्र के रूपनपट्टी दसकुरबा गांव निवासी स्व दिनेश पासवान की धर्मपत्नी स्थानीय हल्का बीट संख्या 2/3 के चौकीदार राहुल कुमार की मां मीणा देवी ने एरिया के बड़े शराब माफिया से जानमाल का खतरे की आशंका जताते हुए डीजीपी व एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि दबंग व अपराधी छवि के शराब कारोबारी के गुंडे लगातार उनके चौकीदार पुत्र व घरवालों की रेकी कर रहे हैं। कभी भी उनलोगों के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

शराब की बड़ी खेप पकड़वाने के संदेह में माफिया जान के पीछे पड़े

चौकीदार राहुल कुमार की मां मीना देवी ने डीजीपी व एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि बीते 18 जून को एलटीएफ व बलिगांव पुलिस ने रूपनपट्टी दसकुरबा गांव में छापामारी कर 257 कार्टन 2311.38 लीटर विदेशी शराब, 12 चक्का ट्रक, सूमो गोल्ड चार चक्का, पिकअप गाड़ी, एक कट्टा बरामद किया था। बलिगांव थाना में इस संबंध में कांड संख्या 101/25 दर्ज किया गया था। शराब की इस बड़ी खेप पकड़े जाने पर स्थानीय रूपनपट्टी निवासी रवींद्र उर्फ बबलू व गन्नीपुर भानपुर के साजन कुमार को शक है कि उनके पुत्र राहुल ने शराब की खेप पकड़वाया है। महिला का आरोप है कि उनके चौकीदार पुत्र राहुल कुमार को किसी आपराधिक मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई है साथ ही अपराधी छवि के लोग उनके पुत्र व उनके घर की रेकी कर रहे हैं। महिला ने डीजीपी व एसपी से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शिवजी राय का स्थानांतरण पदाधिकारीयो ने किया सम्मानित..

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

आज 2 जुलाई 2025 को आठ वर्षों से अधिक सूचना एवं संपर्क विभाग, सिवान में कार्यरत शिवजी राय को उप निदेशक, पटना प्रमंडल कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक पद पर स्थानांतरण के पश्चात विरमित कर दिया गया।

विदित हो कि शिवजी राय का स्थानांतरण सिवान जिले से उपनिदेशक, पटना प्रमंडल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक पद पर हो गया था। स्वभाव से अत्यंत विनम्र एवं कार्य कुशल शिवजी राय अपने लगनशीलता एवं विभागीय कार्य की विशिष्ट जानकारी के लिए जाने जाते हैं। आज जिला जनसंपर्क कार्यालय सिवान से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

सीवान में अल्हम्दुलिल्लाह नोटरी नियुक्त: अधिवक्ता संघ ने दी बधाई

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान, बिहार: सीवान जिले में केंद्र सरकार ने नोटरी अधिनियम, 1952 के तहत अल्हम्दुलिल्लाह को नोटरी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति सीवान सिविल कोर्ट और आसपास के क्षेत्रों में कानूनी सेवाओं को अधिक सुलभ बनाएगी।

इस अवसर पर, सीवान अधिवक्ता संघ ने नवनियुक्त नोटरी को हार्दिक बधाई दी। बधाई देने वालों में अधिवक्ता श्री प्रयाग कुमार, मसरूर अहमद, प्रवीण कुमार, अंजनी सिन्हा, गौतम राजन, दाऊद अली, विकास कुमार और मुकेश कुमार शामिल थे।

यह नियुक्ति सीवान के कानूनी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न्यायिक प्रक्रियाओं को गति देने और जनता को नोटरी सेवाओं में लाभ उठाने में मदत मिलेगी.

मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में उत्तरी बिहार की CGD Projects in North Bihar (IOCL,BPCL, Think Gas) की समीक्षात्मक बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान, 02 जुलाई 2025 बुधवार।

आज दिनांक 02 जुलाई 2025 को मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में उत्तरी बिहार की सीजीडी परियोजना जिसमें आइओसीएल, बीपीसीएल, एवं थिंक गैस से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आहूत की गई। इन परियोजनाओं के तहत सिवान जिले में सीएनजी गैस स्टेशन स्थापित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी के द्वारा परियोजना से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पदाधिकारी, सिवान के साथ अपर समाहर्ता,सिवान, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहें

मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर माननीय सांसद एवं माननीय विधायक गण एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,30 जून 2025 सोमवार।

अगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1200 मतदाता के आधार पर एक मतदान केंद्र बनाए जाने के निर्देश के आलोक में जिला में मतदान केंद्रों का युक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है।

आज दिनांक 30 जून 2025 को जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिवान डॉक्टर आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई।

बैठक में माननीय सांसद एवं माननीय विधायक व उनके प्रतिनिधि गण एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ, जिला के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सिवान,अवर निर्वाचन पदाधिकारी सिवान बैठक में उपस्थित रहें।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान के द्वारा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा युक्तिकरण से संबंधित मतदान केंद्रों का सत्यापन 25 एवं 26 जून को कर लिया गया है।

मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के पश्चात जिला में कुल 369 मतदान केंद्र बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि पहले 2539 मतदान केंद्र जिला में स्थापित थे। परन्तु 1200 मतदाता के आधार पर जिला में वर्तमान में मतदान केंद्रों की संख्या 2908 हो गई है। मतदान केंद्रों का प्रस्तावित ड्राफ्ट सभी माननीय सदस्यगण को उपलब्ध कराया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज की बैठक की गई है। जिसमें युक्तिकरण से संबंधित सभी जानकारी माननीय सदस्यगण को दी जा रही है। युक्तिकरण के पश्चात ड्राफ्ट पब्लिकेशन के विरुद्ध 30 जून से 06 जुलाई तक दावा- आपत्ति अथवा सुझाव मांगा गया है।

दावा-आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त होने तथा उसके पश्चात उसकी जांच करवाई जाएगी।इसके उपरांत 08 जुलाई 25 तक इसका निष्पादन कर दिया जाएगा।

उन्होंने ने बताया कि 09 जुलाई अथवा 10 जुलाई की तिथि को जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में पुनः एक बैठक की जाएगी एवं इस बैठक के पश्चात प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची 12 जुलाई 2025 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के कार्यालय को भेजा जाएगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

जयपुर, 02 जुलाई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी व सांसद श्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा एवं नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली दिनांक 04 जुलाई, 2025 को डूंगरपुर तथा उदयपुर के दौरे पर रहेंगे और कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 04 जुलाई, 2025 को प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी व सांसद श्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा एवं नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली प्रातः 11.30 बजे डूंगरपुर के वागड़ वाटिका, गांधी आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। उसके पश्चात सायं 05.00 बजे उदयपुर में सुखाड़िया रंगमंच पर उदयपुर, बांसवाड़ा, सलूम्बर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ तथा राजसमंद जिलों के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं के सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में संबंधित जिलों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विधायक एवं सांसद प्रत्याशी, प्रदेश, जिला, ब्लॉक व मण्डल पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 05 जुलाई, 2025 शनिवार को प्रातः 11.00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं विधानसभा समन्वयकों की संयुक्त बैठक प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी व सांसद श्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा द्वारा ली जाएगी।

बैठक में संगठन सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों के बारें में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। इस बैठक के पश्चात सायं 04.00 बजे प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम, अस्पताल रोड़, जयपुर पर कांग्रेस के नए मुख्यालय भवन के निर्माण एवं आगामी नगर निकाय चुनावों के संबंध में प्रदेश कांग्रेस कॉर्डिनेशन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। दिनांक 06 जुलाई, 2025 को प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा एवं प्रभारी श्री रंधावा प्रातः 09.00 बजे जयपुर में कांग्रेस के नए मुख्यालय भवन के निर्माण प्रारम्भ होने के कार्यक्रम में निर्माण स्थल पर शामिल होंगे। उसके पश्चात प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक पीसीसी वॉर रूम में कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे।

दिनांक 30.06.2025 को जिला पदाधिकारी, की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति द्वारा सिवान जिला अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृहद आश्रय गृह, अंतर्गत बालगृह (बालक) यूनिट 01 एवं 02 एवं बालिकगृह का त्रैमासिक निरीक्षण

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान, 30 जून 2025 सोमवार।

निरीक्षण के दौरान आवासित बच्चों से जिला निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा उनके आवासन एवं भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पूछताछ के दौरान बच्चे गृह के व्यवस्था से संतुष्ट पाए गए। सभी संस्थानो में भोजन मेनू के अनुसार बना हुआ था। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। वृहद आश्रय गृह, सिवान के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा संस्थान में बेहतर साफ-सफाई करने, पावर कट की समस्या नही हो इसके लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सिवान से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण यथाशीघ्र कराने, सिक्योरिटी ऑडिट कराने एवं रिक्त पदो पर बहाली करने हेतु अविलंब रोस्टर क्लियरेंस कराते हुए माह-सितम्बर के अंत तक बहाली कराने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त बालिकागृह में बच्चियों को डांस एवं कम्प्युटर का प्रशिक्षण देने तथा पुस्तकालय को बेहतर करने का निदेश सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान को दिया गया। निरीक्षण के दौरान समिति के सभी सदस्य यथा सिविल सर्जन, पुलिस उपाधिक्षक मुख्यालय, बाल कल्याण समिति के सदस्य, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं बालगृह एवं बालिकागृह के सभी कर्मी उपस्थित थे।

बाढ़ सुरक्षा के लिए सजग प्रयास: सिवान में 09 स्थलों पर कटाव रोधी कार्य कराए गए

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

पटना, 01 जुलाई 2025

बिहार सरकार का जल संसाधन विभाग संभावित बाढ़ के खतरों को ध्यान में रखते हुए राज्य के संवेदनशील इलाकों में निरंतर सतर्कता और पूर्व तैयारियों के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सिवान जिले के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों में कुल 09 स्थलों पर कटाव रोधी एवं तटबंध सुरक्षात्मक कार्य सक्रिय रूप से संपन्न कराए गए हैं।

बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सिवान अंतर्गत 170 मीटर लंबाई में तटबंध सुरक्षात्मक कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल सिवान के अंतर्गत भी एंटी इरोजन कार्य कराए गए हैं।

वहीं, 7 नंबर गोगरा तटबंध के अंतर्गत भी कटाव रोधी कार्य सक्रिय रूप से संपन्न किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी आवश्यकतानुसार तटबंध सुरक्षा कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं ताकि संभावित बाढ़ से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विद्यालय प्रबंध समिति (सत्र 2025-26) की प्रथम बैठक दिनांक 01.07.2025 को नियत समय पूर्वाह्न 10.30 पर डॉ. आदित्य प्रकाश, जिलाधिकारी सिवान एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति केन्द्रीय विद्यालय सिवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,01 जुलाई 2025 मंगलवार।

आज की बैठक में सर्वप्रथम परस्पर परिचय के उपरांत प्राचार्य महोदय के द्वारा पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया

बैठक में निर्धारित विषयों पर बिन्दुवार चर्चा के उपरांत निम्नवत प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई

1. सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उच्च गुणवत्ता के साथ शत-प्रतिशत रहा`विगत पाँच वर्षों से कक्षा 12वीं के मात्रात्मक एवं गुणात्मक परीक्षा परिणाम के कारण केन्द्रीय विद्यालय संगठन उपायुक्त महोदय के द्वारा विद्यालय को पुरस्कृत किया गया ।कक्षा 12वीं के एक विद्यार्थी शोएब अख्तर ने 95.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग की ओर से रु.10000/- की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई

2.जिलाधिकारी महोदय सिवान ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ना चाहिए और बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा`

2. विभिन्न ओलंपियाड जैसे गणित, विज्ञान आदि विषय में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों की प्रतिभागिता में हिस्सा बढ़े`

3. संभागीय खेल प्रतियोगिता (2025-26) में 29 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों जैसे दौड़ ,कबड्डी, ताइक्वांडो तथा रस्सी कूद आदि प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें से कुल 15 पदक प्राप्त हुए - 06 स्वर्ण, 05 रजत एवं 04 कांस्य पदक प्राप्त हुए ।04 खिलाड़ी 54वें राष्ट्रीय खेल के लिए चयनित हुए ।

4. जिलाधिकारी महोदय सिवान ने खेलकूद की सुविधाओं को सुचारु करने तथा विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाने पर बल दिया`4. प्राचार्य ने जानकारी देते है बताया कि जिलाधिकारी के सहयोग से विद्यालय के स्थायी भवन हेतु भूमि का आवंटन हो गया है तथा भूमि स्थानान्तरण का कार्य भी जल्द पूर्ण हो जाएगा`

5. कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों की डिजिटल माध्यम से पढ़ाई हेतु 10 इंटरैक्टिव पैनल लगाए गए ।

बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई बैठक में उप-विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहें

तहनाल गेट स्थित नवनिर्मित लाल घाट तालाब लबालब भरने पर वार्डवासियों ने किया पारंपरिक स्वागत

सुरज वर्मा

शाहपुरा शहर के तहनाल गेट क्षेत्र में स्थित नवनिर्मित लाल घाट तालाब के पूर्णतः भर जाने पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वार्डवासियों ने तालाब के लबालब भरने की खुशी में साफा बांधकर और मालाएं पहनाकर घाट का पारंपरिक रूप से स्वागत किया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद स्वराज सिंह, नगर भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद छिपा, भाजपा नेता दिलीप गुर्जर, हेमू गुर्जर, जयप्रकाश रेगर, संदीप गुर्जर, प्रतीक देव गुर्जर, अटल रेगर, शक्ति सिंह यादव, राजवीर गुर्जर, शंकर बैरवा, शंकर रेगर, जगदीश, निखिल गुर्जर, किशन सिंह, जय प्रकाश रेगर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सामूहिक प्रयासों की हुई सराहना:

लाल घाट तालाब का नवनिर्माण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के समन्वय से पूरा हुआ था। अब पहली बार मानसून में तालाब पूरी तरह से भर जाने पर यह स्थल एक बार फिर जीवंत हो उठा है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया और इसे जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा।

आभार और संकल्प:

घाट पर मौजूद लोगों ने तालाब की सफाई, सौंदर्यीकरण और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। साथ ही भविष्य में ऐसे और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

IMA जयपुर साउथ ब्रांच का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जयपुर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) जयपुर साउथ ब्रांच का शपथ ग्रहण समारोह आज गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पदों की शपथ ली।

इस अवसर पर डॉ. सुधीर सचदेवा ने अध्यक्ष, डॉ. लोकेन्द्र शर्मा ने सचिव, डॉ. अलका बंसल एवं डॉ. मुकेश चतुर्वेदी ने उपाध्यक्ष, डॉ. जितेन्द्र आहूजा एवं डॉ. विशाल शर्मा ने संयुक्त सचिव, डॉ. कमलकांत त्रिवेदी ने कोषाध्यक्ष तथा डॉ. पूनम जाखड़ ने वैज्ञानिक सचिव पद की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम में स्टेट आई एम ए के अध्यक्ष डॉ एम पी शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में स्टेट सेक्रेटरी डॉ पी सी गर्ग, पूर्व अध्यक्ष डॉ रजनीश शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में IMA जयपुर साउथ शाखा की कार्यकारिणी से डॉ. फरेंद्र भारद्वाज, डॉ. रविन्द्र सिसोदिया, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. प्रवीण यादव, डॉ. जया दाधीच, डॉ. निशा, डॉ. कविता, डॉ. महिमा खीचड़, डॉ. शिवांगी शर्मा, डॉ. शुभम, एवं डॉ. ऋषभ शर्मा सहित अनेक गणमान्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाओं एवं संगठन के लिए समर्पित कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

सिंदरू बस स्टेंड पर अब रूकेंगी रोडवेज की बसें

पाली/सुमेरपुर, 2 जुलाई। सुमेरपुर से पाली मार्ग पर संचालित राजस्थान रोडवेज की साधारण व एक्सप्रेस बसें सिंदरू नियमित रूप से रूकेंगी। सुमेरपुर के विधायक व केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत की अनुशंसा पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, फालना आगार की मुख्य प्रबंधक रूचि पंवार ने सिंदरू में प्रार्थना बस स्टेंड के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के बाद रोडवेज की साधारण व एक्सप्रेस बसें रूकेंगी। मुख्य प्रबंधक ने आदेश में चालकों व परिचालकों को निर्देशित किया है कि वे सिंदरू बस स्टेंड से यात्रियों को बैठाएंगे व उतारेंगे। आपको बता दें नेशनल हाईवे 62 पर स्थित सिंदूर ग्राम के लोगों की बसों से यही डिमांड थी कि यहां पर रोडवेज की बसें रुकें। इस संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया। रोडवेज की बस से नहीं रुकने से ग्रामवासियों को कई बार सांडेराव से बस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता था। खासकर रात में भी कई बार बस नहीं रुकने से यात्री परेशान होते थे। आखिरकार केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक श्री जोराराम कुमावत ने प्रयास रंग लाए और यहां के ग्रामीणों को यह सौगात मिल गई।

इस आदेश के बाद सिंदरू व आसपास के गांवों के लोगों ने प्रसन्नता जताई है। साथ ही सिन्दरु की सरपंच चौथी देवी, प्रधान उर्मिला कंवर, मंडल अध्यक्ष हडमंतसिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराज सिंह बिठिया, कार्यकर्ता वगताराम कुमावत, लुम्बाराम देवासी, नारायण लाल कुमावत, राजेन्द्र सिंह राणावत, नरसिंग भाई सुथार, पाबुसिंह, दौलत सिंह राठौड़, शेषाराम लुहार, नारायण लुहार, नरेन्द्र भाई देवासी ने स्थानीय विधायक श्री जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया है।

राज्य स्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में मातृशक्ति की भागीदारी को लेकर रिम्पी प्रजापति ने किया आह्वान

कैथल (कृष्ण प्रजापति): भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) करनाल महिला इकाई की जिला अध्यक्ष डॉ. रिम्पी प्रजापति पधाना ने राज्य भर की मातृशक्ति से अपील करते हुए कहा है कि वे आगामी 13 जुलाई 2025 (रविवार) को भिवानी में हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में पूरे उत्साह, गरिमा और जोश के साथ शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं।

डॉ. रिम्पी प्रजापति ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति की जयंती केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक अवसर नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक चेतना और एकता का प्रतीक पर्व है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति ही समाज की मूल धुरी है और जब महिलाएं किसी आयोजन में भाग लेती हैं तो उसका प्रभाव समाज पर गहरा और सकारात्मक होता है।

उन्होंने करनाल सहित पूरे हरियाणा की बहनों, बेटियों और माताओं से आह्वान किया कि वे इस पावन अवसर पर भिवानी पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और समाज में जागरूकता, समानता और सम्मान का संदेश दें।

सीए डे एवं डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर सुमेरपुर में आयोजित "प्रोफेशनल क्रिकेट लीग- 2025"

सुरज वर्मा
भीलवाडा ज़िले में सीए डे एवं डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर सुमेरपुर में "प्रोफेशनल क्रिकेट लीग अत्यंत उत्साह, सौहार्द एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अनोखे आयोजन का उद्देश्य चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच आपसी मेलजोल, सौहार्द्र और खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा।इस रोमांचक प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया, जिनमें शानदार प्रदर्शन करते हुए सीए मुकुल मूंदड़ा की टीम ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं, शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डॉ. मनीष जोशी की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया।
व्यक्तिगत पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब डॉ. मनीष जोशी को मिला, जिन्होंने दमदार बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब सीए भरत सिंह राठौड़ को मिला, जिन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से विपक्षी टीमों को चौंका दिया।
कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले प्रमुख चिकित्सकगणः
डॉ. देवल पटेल, डॉ. आशीष मोदी, डॉ. रौनक सुराणा, डॉ. सुरेश भंडारी, डॉ. ओ. पी. मेवाड़ा, डॉ. सुनील मेवाड़ा, डॉ. जगदीश किरी, डॉ. नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, डॉ. जगदीश चौधरी एवं डॉ. गुलाब चाजेड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे।
सीए समाज से गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने वाले गणमान्य सदस्य सीए दिनेश सिंघल, सीए मधुसूदन सिंघल, सीए आशीष बोहरा, सीए मनोज सिंघल, सीए बसंत परिहार, सीए कुलदीप शर्मा, सीए मुकेश परमार, सीए दिनेश कुमावत, सीए दीपक सोनी, सीए महीपाल सोलंकी, सीए चेतन अरोड़ा, सीए पंकज जैन एवं सीए नितेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पूरा टूनार्मेंट निष्पक्षता एवं कुशलता से संचालित किया गयाःमुख्य अंपायर चिराग अग्रवाल एवं राजवीर सिंह द्वारा, जिन्होंने पूरे मैच को रोमांचक और पारदर्शी बनाया।
इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि -चाहे हाथ में हो स्टेथोस्कोप या कैलकुलेटर, आज बल्ला सब मिलकर घुमाएंगे!
"गणनाओं के साथ सेवा का उत्सव झसीए और डॉक्टरों को समर्पित

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप जबलपुर बनेगा पर्यटन का नया केन्द्र : मंत्री राकेश सिंह

भोपाल/ब्यूरो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर मध्य प्रदेश का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक शहर जबलपुर अब पर्यटन के क्षेत्र में भी नई पहचान की ओर अग्रसर है। पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित ठाकुरताल क्षेत्र को एक एमिनेंट पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना में ह्यफॉरेस्ट सफारी - जू कम रेस्क्यू सेंटरह्न और संग्राम-सागर तालाब के समग्र विकास को भी सम्मिलित किया गया है। इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा एवं कंसलटेंट के साथ विस्तृत चर्चा कर योजना की रूपरेखा तैयार की है।
लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को बताया परियोजना को और अधिक गरिमा प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे वीरांगना रानी दुर्गावती जी के नाम पर विकसित करने की घोषणा की है। यह निर्णय जबलपुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव को और भी सशक्त करेगा। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने इस उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया है।
मंत्री सिंह ने बताया यह पर्यटन

परियोजना लगभग 85 से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जाएगी जिसमें पर्यटकों को प्राकृतिक वन्य जीवन और आधुनिक तकनीकों का समन्वित अनुभव मिलेगा। इस केंद्र में रोबोटिक इंटरप्रिटेशन सेंटर, बटरफ्लाई पार्क, तथा लॉन्ग कार्निवल जैसी आधुनिक सुविधाएँ शामिल होंगी, जिसमें येलो टाइगर, व्हाइट टाइगर, पैंथर, लायन और भालू जैसे आकर्षक वन्य-जीव रहेंगे। इसके अतिरिक्त रेप्टाइल हाउस में मगरमच्छ और सांप और एग्जॉटिक और नेटिव बर्ड्स के लिए विशेष क्षेत्र बनाए जाएंगे।
जेब्रा और जिराफ के लिए एक अलग एग्जॉटिक पार्क, वाटर इंटरप्रिटेशन सेंटर, और स्पीशीज वाइज इंटरप्रिटेशन सेंटर जैसे अनेक नवाचार इस परियोजना की विशेषता होगी।
मंत्री सिंह ने बताया कि पर्यटकों को रोमांच का अनुभव देने के लिए इस पूरे क्षेत्र को संग्राम-सागर तालाब से ठाकुरताल तक ट्रैकिंग, ज़िपलाइन और बोटिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे यह एक सम्पूर्ण एडवेंचर और ईको-टूरिज्म डेस्टिनेशन बन सके। ठाकुरताल क्षेत्र में फॉरेस्ट बाथिंग और व्यू प्वाइंट्स जैसे प्राकृतिक आनंद देने वाले स्थल भी विकसित किए जाएंगे।
मंत्री सिंह ने कहा इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उ्ढफ) अगले तीन माह में तैयार कर ली जाएगी, जिसके बाद विकास कार्यों की शुरूआत की जाएगी। यह परियोजना न केवल जबलपुर को पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर, पर्यावरण संरक्षण, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

पंडित दीनदयाल अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर

ग्राम पंचायत उपरेड़ा पं.स. बनेड़ा

नेत्रहीन नारायण लाल के लिए पंडित दीनदयाल अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर बना सहारा

सुरज वर्मा
भीलवाडा ज़िले की पंचायत समिति बनेड़ा की ग्राम पंचायत उपरेड़ा में आयोजित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में शिविर प्रभारी / उपखण्ड अधिकारी श्रीकान्त व्यास के समक्ष नेत्रहीन व्यक्ति नारायण लाल उपस्थित हुआ। शिविर में उस व्यक्ति ने शिविर प्रभारी के सक्षम अपनी व्यथा बयान की और अपने जीवन में होने वाली समस्याएं बताई।
जिस पर शिविर प्रभारी ने सर्वप्रथम प्रार्थी को मंच के समीप आसन पर बिठाया तथा पंचायती राज विभाग से पुश्तैनी मकान का पट्टा दिलवाया गया। प्रार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया एवं जन्म प्रमाण पत्र जारी किया। चिकित्सा

विभाग द्वारा प्रार्थी का बॉडी चैक अप किया गया, राजस्व विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि योजना में लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया, पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा में आवेदन करवाया, कृषि विभाग द्वारा फॉर्म पोण्ड हेतु आवेदन, उद्यान विभाग से फलदार पौधे दिलाये, नागरिक एवं खाद्य आपूर्ति विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना में आवेदन, जल संसाधन विभाग द्वारा नल कनेक्शन, विद्युत विभाग द्वारा खेती हेतु विद्युत कनेक्शन आवेदन करवाया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा इनकी बच्ची को स्कूटी के लिए आवेदन करवाया, इनकी पत्नि को श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कार्ड हेतु आवेदन करवाया, बुवाई हेतु बीज प्रदान किये एवं शिविर प्रभारी ने शेष सभी विभागों को राज्य सरकार की योजनाओं हेतु नेत्रहीन प्रार्थी नारायण लाल पात्र है उनका लाभ दिलवाने हेतु निर्देशित किया गया । नारायण लाल को शिविर में 13 योजनाओं से लाभान्वित किया ।
लाभार्थी नारायण लाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिविर प्रभारी व राज्य सरकार को इस कार्यक्रम के लिए बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया ।

पांच लाख लंबित आवेदनों का 161 करोड़ के भुगतान का निर्णय

रायपुर/ब्यूरो। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की आज बुधवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 2019 से लंबित 5 लाख से ज्यादा आवेदनों के हितग्राहियों को 161 करोड़ से ज्यादा की राशि देने का निर्णय लिया गया है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल डॉ राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विस्तृत चर्चा हुई।
मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवेदन विभाग को मिले थे। पूर्व के आवेदनों के हितग्राहियों का 161 करोड़ से अधिक की राशि वितरित नहीं की थी।
बुधवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आवेदनों का जल्द से जल्द परीक्षण कराकर जल्द राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने का निर्णय लिया गया।
संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। वर्तमान में पात्रता रखने वाले मंडल में पंजीकृत निर्माण के स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय हेतु शहरी क्षेत्र में 500 वर्ग फीट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल अधिकतम भूखंड होने का प्रावधान था, इसे संशोधित करते हुए बोर्ड की बैठक में शहरी क्षेत्र में न्यूनतम 322 वर्ग फीट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 269 वर्ग फीट क्षेत्रफल भूखंड होने का संशोधन किया गया।

मोबाइल नंबर की अनिवार्यता में दी गई छूट

मंडल अंतर्गत संचालित पंजीयन योजना आवेदन हेतु मोबाइल नंबर की अनिवार्यता रखी गई है। प्रदेश के कई क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनके पास मोबइल नहीं है। उन्हें पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ता था, अब उन्हें मोबाइल नंबर की अनिवार्यता की छुट दी गई है।
मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीघार्यु सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को मिलने वाली योजना का लाभ अब श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी एक समान मिलेगा। बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए गए।

नशा मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ नशा तस्कर पंजाब में नशा बेचना बंद करें या पंजाब छोड़ दें : दीक्षित धवन

अमृतसर 02 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा) पंजाब सरकार ने जिला प्रशासन व पुलिस के सहयोग से नशा मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ नशा मुक्ति मोर्चा के खिलाफ जंग अभियान के तहत बैठक की। इस बैठक में ए.डी.सी.पी. विशालजीत सिंह, ए.सी.पी. सेंट्रल जसपाल सिंह, मुख्य पुलिस अधिकारी डी. डिवीजन, ई. डिवीजन इस्लामाबाद, थाना गेट हकीमा, चौकी इंचार्ज अन्नागढ़ व फतेहपुर के पुलिस अधिकारियों के अलावा नशा मुक्ति मोर्चा शहरी के इंचार्ज दीक्षित धवन व नशा मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी हनी नाहर,

वरुण भगत, राजेश कुमार, डॉ. पंकज सोही भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री दीक्षित धवन ने कहा कि नशा मुक्ति मोर्चा नशा विरोधी मुहिम चलाएगा तथा जमीनी स्तर पर आम जनता तक पहुंचकर नशा छोड़ चुके मरीजों की खोज की जाएगी तथा उनके इलाज की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने नशा तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशा तस्कर पंजाब में नशा बेचना बंद कर दें या फिर पंजाब छोड़ दें। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी नशा तस्कर को नहीं बख्शेगी। श्री दीक्षित धवन ने कहा कि सरकार नशा मुक्ति केंद्रों में नशे के आदी लोगों का मुफ्त इलाज करवा रही है तथा उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए हुनर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। श्री धवन ने कहा कि गांवों व शहरों में जो भी लोग पुलिस के पास सिफारिश के लिए जाते हैं या जमानत के लिए कोर्ट जाते हैं, उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे तथा लोगों से ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करने का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जंग मुहिम को भारी समर्थन मिल रहा है। बैठक के दौरान एडीसीपी श्री विशालजीत सिंह ने कहा कि पुलिस लगातार नशा तस्करों पर नजर रख रही है तथा किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी पुलिस अधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी बखूबी निभा रहे हैं।

नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन व डिप्टी कमिश्नर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पैनोरमा का किया दौरा

सफाई प्रबंधों का लिया जायजा

अमृतसर, 02 जुलाईः (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)
कंपनी बाग स्थित महाराजा रणजीत सिंह पैनोरमा की सफाई प्रबंधों को लेकर नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन करमजीत सिंह रिंटू, डिप्टी कमिश्नर अमृतसर मैडम साक्षी साहनी, अतिरिक्त कमिश्नर नगर निगम सुरिंदर सिंह ने महाराजा रणजीत सिंह पैनोरमा का दौरा किया। श्री रिंटू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैनोरमा की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह पैनोरमा महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल की झलक दिखाने वाला एक अनूठा स्थान है जो आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।



इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर मैडम साहनी ने पैनोरमा का दौरा करते हुए नगर निगम अधिकारियों को पैनोरमा के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सफाई के अच्छे प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैनोरमा में एक नया एसी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि गुरु नगरी में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं तथा बड़ी संख्या में पर्यटक भी इस पैनोरमा को देखने आते हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि वे इसके रखरखाव को सुनिश्चित करें ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त श्री सुरेन्द्र सिंह ने उपायुक्त के संज्ञान में लाया कि पैनोरमा में 250 केवी का नया जनरेटर, 60 टन का नया एसी प्लांट, पैनोरमा की मरम्मत तथा ड्रामा हॉल नंबर 1,2,3 में मरम्मत कार्य आवश्यक है, जिस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पैनोरमा के अपग्रेडेशन का कार्य तुरंत शुरू किया जाए तथा इस संबंध में यदि कोई समस्या आती है तो उनके संज्ञान में लाया जाए। इस अवसर पर नगर निगम के एसई श्री संदीप सिंह, डॉ. योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

व्यापार महासंघ के हुए चुनाव पारस मल गुर्जर बने अध्यक्ष

सुरज वर्मा
भीलवाडा जिले के आसींद मे महावीर भोजनशाला में व्यापार संघ के अध्यक्ष सदस्यों व पदाधिकारी कार्यकारणी बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से पारसमल गुर्जर को आसींद व्यापार संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया वही कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार सोनी मनोनीत किया गए।किरण व्यापार संघ सरार्फा व्यवसाय संघ वस्त्र व्यवसायिक संग गारमेंट्स व्यवसाय लोह अयस्क संघ के सदस्य रहे मौजूद चुनाव अधिकारी दलपत कावड़िया प्यार चंद गुर्जर सुशील रांका शांतिलाल बम्ब आवेश डायर चंद्र प्रकाश सोनी हिमांशु कर्णावत पदम कुमार काठेड़ गोपाल कोठारी सुखराज देवासी भीष्म कुमार साहनी प्रभु गुर्जर कमलेश जैन शिवराज गुर्जर आरिफ पठान रवि कुमार रांका रोशन मेवाड़ा उपस्थित रहे व्यापार मंडल अध्यक्ष पारसमल गुर्जर ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद अर्पित किया

समस्तीपुर लोकप्रिय विधायक राष्ट्रीय जनता दल पार्टी विकास कार्य में अपनी अलग पहचान बनाई गरीब बेसहारा मजलूम की आवाज बनकर विधानसभा में मजबूती से विपक्ष की भूमिका पुरा कर रहे

समस्तीपुर मोहम्मद सिराज
बताते चलें की अख्तरुल इस्लाम शाहीन समस्तीपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत छतौना पंचायत के डढ़िया रामकृष्णपुर में लगभग 15 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित सड़क, केवस नियामत पंचायत में उर्दू प्राथमिक विद्यालय के लगभग 11 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित कमरा तथा केवस नियामत में 10 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने फीता काट कर तथा नारियल फोड़ कर किया ' समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि समस्तीपुर विधान सभा क्षेत्र अब स्वर्णिम विकास के बहुआयामी शिखरों को छूने लगा है ' कहा कि आज समस्तीपुर विधान सभा क्षेत्र अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की बदौलत बिहार में कई मामलों में अव्वल और लगातार ऊँचाइयां पाता जा रहा है। यह क्षेत्र की जनता का प्यार और विकास योजनाओं और कार्यक्रमों में जन-जन की आत्मीय सहभागिता का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर विधान सभा का संपूर्ण विकास ही मकसद रहा है। जनता से जो भी वादा किया था उसे पूरा किया है। जनता का कार्य करना ही प्राथमिकता है व सदैव विकास की ओर अग्रसर रहें है और आगे भी रहेंगे । मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, मुखिया राजीव राय, मुखिया लक्ष्मण पासवान, पंचायत समिति सदस्य दिलीप राय, पूर्व मुखिया अर्जुन चौधरी, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, समाजसेवी रवि आनंद, जिला राजद महासचिव मोङ्ग परवेज आलम, जिला महासचिव रामकुमार राय, जिला सचिव मनोज कुमार राय, व्यवसायी जिया खान, विजय कुमार, धर्मेन्द्र कुशवाहा, मोङ्ग हीरो, प्रिंस कुमार, देवेंद्र साह, मायाशंकर प्रसाद, मिथिलेश चौधरी, मोङ्ग कफिल अहमद, धीरज गिरी, आनंद गिरी, अमरेश महतो, पैक्स अध्यक्ष मदन सिंह, मोङ्ग इसरायल, जयलाल राय, संदीप सरकार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे

राज्यपाल डेका ने पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

रायपुर/ब्यूरो। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।
राज्यपाल डेका ने अपने शोक संदेश में कहा कि दत्त एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे सैनिक और राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने सेना से लेकर प्रशासन तक की अपनी प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और देशप्रेम के साथ निभाया। छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए उनके शोकसंतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है।
शेखर दत्त ने अपने करियर की शुरूआत भारतीय सेना से की थी। वे 1966 में सेना में शामिल हुए और 1971 के भारत-पाक युद्ध में उन्होंने साहसपूर्वक हिस्सा लिया। इस युद्ध में बहादुरी और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए उन्हें वीरता के लिए दिया जाने वाला विशिष्ट सेवा पदक सेना मेडल प्रदान किया गया। सेना से स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लेने के बाद वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर तत्कालीन मध्य प्रदेश राज्य तथा केंद्र सरकार में कई उच्च पदों पर कार्य किया।
उल्लेखनीय है कि शेखर दत्त 23 जनवरी 2010 से 1 जुलाई 2014 तक छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के पद पर आसीन रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, पशु संवर्धन, समाज कल्याण, आयुर्वेद, स्वास्थ्य, पर्यावरण, बच्चों और युवाओं के हित, अनुसूचित जाति-जनजातियों के कल्याण,उद्योग तथा कला, संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाई।
उन्होंने हमेशा वैज्ञानिक सोच और बौद्धिक विमर्श को प्रोत्साहित किया और प्राकृतिक संसाधनों पर शोध को बढ़ावा देने हेतु पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर परिसर में केंद्र सरकार द्वारा ह्यनेशनल सेंटर फॉर नेचुरल रिसोर्सेजह्न की स्थापना में अहम योगदान दिया। रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन में ह्यशहीद वाटिकाह्न के निर्माण में भी उनकी प्रेरक भूमिका रही, जो देश के वीर जवानों की स्मृति को सदा जीवंत बनाए रखेगा।

पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर मुख्यमंत्री साय ने किया शोक व्यक्त

रायपुर/ब्यूरो। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।
मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय शेखर दत्त एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय दत्त का जीवन सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट जनसेवा के आदर्श मूल्यों से परिपूर्ण था। उनके निधन से देश ने एक प्रबुद्ध और कर्मठ व्यक्तित्व को खो दिया है, जिसकी भरपाई कठिन है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए- अतिरिक्त उपायुक्त

अमृतसर, 02 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)
सड़क सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक स्कूल प्रमुख सुरक्षा स्कूल वाहन नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल प्रमुख का यह कर्तव्य है कि वह अपने स्कूल में आने वाले बच्चों के वाहनों की जांच करें कि क्या वह वाहन बच्चों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त है और क्या वह सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि लोगों की कीमती जान बचाई जा सके।
अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ट्रैफिक लाइटों की मरम्मत करवाएं और कोई भी ट्रैफिक लाइट खराब न हो।
उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाएं ज्यादातर आवारा पशुओं के साथ हो रही हैं और इन आवारा पशुओं पर नियंत्रण करना

बहुत जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सड़कों के आसपास साइन बोर्ड लगाए जाएं ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो। मीटिंग के दौरान सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक राजिंदर सिंह ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 तक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर 6800 चालान किए गए हैं और भारी मात्रा में जुमार्ना वसूला गया है। इस अवसर पर सहायक ट्रांसपोर्ट अधिकारी मनदीप सोही, मैडम शालू हरचरण, डीडीपीओ संदीप मल्होत्रा, अरविंदर भट्टी, गुरिंदर सिंह मट्ठू, जिले में काम कर रही समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम पोर्टल पर अन्वेषण मॉड्यूल चार जुलाई को करेगा लॉन्च

एजेंसी

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय अपनी डिजिटल प्रगति को जारी रखते हुए केंद्रीय खान नियोजन एवं डिजाइन संस्थान लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के सहयोग से विकसित अब सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम वेब पोर्टल पर अन्वेषण मॉड्यूल लॉन्च करने के लिए तैयार है। कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी 4 जुलाई को नए मॉड्यूल का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि यह पहल भारत की कोयला अन्वेषण मूल्य श्रृंखला के एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण में एक बड़ी छलांग है, जो कोयला ब्लॉक आवंटियों को एक एकीकृत मंच के माध्यम से अन्वेषण प्रस्ताव प्रस्तुत करने और ट्रैक करने में सक्षम बनाती है। यह मॉड्यूल अन्वेषण के सभी चरणों को एकीकृत डिजिटल इंटरफ़ेस के तहत लाता है, जिसमें योजनाओं की जांच, प्रगति अपडेट, भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुतियां, अवलोकन, अनुपालन और अंतिम अनुमोदन शामिल हैं।

स्टेट बैंक के डिजिटल परिवर्तन से उसके ग्राहकों को काफी लाभ हुआ: वित्त मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के डिजिटल बदलाव उसके ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद रहे हैं। देश की सेवा में 70 वर्ष पूरा करने पर एसबीआई को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बैंक की ओर से नवोन्मेषण और सशक्तीकरण जारी रखने की उम्मीद है। सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर एसबीआई के 70 साल पूरा होने पर लिखा, 23,000 से अधिक शाखाओं, 78,000 ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) और 64,000 एटीएम के साथ आज एसबीआई की स्थिति बहुत मजबूत है। यह वाकई हर भारतीय का बैंक है। पिछले दशक में इसने जो डिजिटल बदलाव हासिल किया है। वह इसके ग्राहकों के लिए काफी फायदेमंद रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नवाचार और सशक्तीकरण जारी रखेगा, क्योंकि भारत 2047 तक विकसित भारत की ओर अपनी यात्रा जारी रखेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि एसबीआई ने 1.5 करोड़ किसानों, महिलाओं द्वारा संचालित 1.3 करोड़ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), पीएम स्वनिधि के तहत 32 लाख रेहड़ी पटरी वालों, 23 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों कारीगरों को सहायता प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है। एसबीआई के पास 15 करोड़ से अधिक जन-धन खाते, 14.65 करोड़ पीएम सुरक्षा बीमा योजना, 1.73 करोड़ अटल पेंशन योजना और 7 करोड़ पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी हैं।

स्टॉक मार्केट में एलनबेरी की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से लगा अपर सर्किट

नई दिल्ली। इंडस्ट्रियल और मेडिकल गैस का प्रोडक्शन और सप्लाई करने वाली कंपनी एलनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 400 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 492 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 486 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 23 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस शेयर के भाव में और तेजी आ गई। दोपहर 12 बजे के बाद कंपनी के शेयर लगातार हो रही लिवाली के कारण 541.20 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गए और इसी स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 35.30 प्रतिशत का फायदा हो गया। एलनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज का 852.53 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 26 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 22.19 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 64.23 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

प्रीमियम एंट्री के बाद पहले दिन ही ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स में जोरदार उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली। कंस्ट्रक्शन सेक्टर की कंपनी ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि ये खुशी उस समय फीकी पड़ गई, जब बिकवाली के दबाव में ये शेयर गिर कर लोअर सर्किट लेवल तक आ गए। दिलचस्प बात तो ये रही कि लोअर सर्किट लगने के बाद खरीदारों ने कंपनी के शेयरों की लिवाली करके न केवल लोअर सर्किट ब्रेक किया, बल्कि इसे अपर सर्किट लेवल तक भी पहुंचा दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 71 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 91.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 90 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 28 प्रतिशत से अधिक का लिस्टिंग गेन मिल गया। स्टॉक मार्केट में मजबूत लिस्टिंग के बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर कुछ देर में ही गिर कर 86.65 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया।

मोदी ने रांची को दी 558 करोड़ की सौगात: संजय सेठ

एजेंसी

रांची। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपना के पूरा होने जैसा है। रातू रोड सहित रांचीवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरा कर दिया है। अब यह रांचीवासियों की जिम्मेदारी है कि इस कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बना कर रखें। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ओटीसी ग्राउंड पर इसका लोकार्पण समारोह होगा।

सेठ अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अनुरोध किया कि 558 करोड़ की लागत वाली इस सौगात के लोकार्पण के अवसर पर नितिन गडकरी का ऐतिहासिक अभिनंदन करें। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ओटीसी ग्राउंड में 11 बजे आयोजित लोकार्पण समारोह और जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकायों में बिजली पर पांच फ़ीसदी सरचार्ज का प्रस्ताव तैयार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड में तो

ऐसा लग रहा है जैसे सरकार नगर निकायों से सिर्फ वसूली की मुहिम चला रही है। एक तरफ नगर निगम ने 39 करोड़ रूपया होल्डिंग टैक्स हासिल कर लिया है और दूसरी तरफ फिर से पांच फ़ीसदी सरचार्ज लेने की तैयारी है। सेठ ने कहा कि यह समझ से परे है कि आखिर सरकार जनता से सिर्फ वसूली क्यों करना चाहती है? प्रशासनिक अधिकारी कभी इन मुद्दों पर क्यों नहीं सोचते? बरसात की पहली बारिश में ही रांची की जो स्थिति हुई वह पूरे राज्य ने देखा। आज भी रांची के कई मोहल्ले में पानी जमा है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। सड़क सुरंगनुमा हो चुकी है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हर मोहल्ले में पाइप बिछाने के नाम पर गड्ढे खोद दिए गए हैं। नागरिकों को नगर निकाय क्षेत्र के नाम पर कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। राजधानी की इस बदतर स्थिति का जिम्मेदार पूरी तरह से नगर निगम है। इन सब चीजों में सुधार की बजाय सिर्फ वसूली पर ध्यान देना जनता का शोषण है। उन्होंने अविलंब शासन-प्रशासन से बिजली सरचार्ज के इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की। वह जनहित के कार्यों पर ध्यान लगाए। इस दौरान विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पाइप लगाने के नाम पर, सिवरेज ड्रेन के नाम पर सड़क को बर्बाद कर दिया गया है। विधानसभा में सवाल उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। नवीन जायसवाल ने कहा कि वर्षों से रातू रोड के लोग जाम से जूझ रहे थे, नितिन गडकरी जी के आशीर्वाद से जाम मुक्त रांची और रातू रोड होगा। राज्य सरकार ने रांची शहर के लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। नगर निगम नरक निगम में तब्दील हो चुका है।

भारत-यूएई के बीच ग्रीन स्टील और उच्च श्रेणी के एल्युमीनियम में सहयोग की संभावनाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत-यूएई के बीच औद्योगिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक के तहत यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मैरी से मुलाकात की। भारी उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस बैठक में व्यापार विस्तार, संसाधन सुरक्षा और इस्पात तथा एल्युमीनियम में सहयोगात्मक नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया गया। कुमारस्वामी ने इस अवसर पर द्विपक्षीय औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने के अवसर का स्वागत करते हुए दुनिया के दूसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक के रूप में भारत की तेजी से बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। इस दौरान उन्?होंने हरित इस्पात, उच्च मूल्य विनिर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कुमारस्वामी ने कहा, भारत और संयुक्त अरब अमीरात हरित इस्पात उत्पादन और सतत औद्योगिक विकास में मजबूत साझेदार बन सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात विशेष रूप से कच्चे माल की सुरक्षा का समर्थन करके और ऊर्जा-कुशल उत्पादन प्रणालियों को सक्षम बनाकर भारत को वर्ष 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर कुमारस्वामी ने कहा, हम ऑटोमोबाइल, मोबिलिटी और उच्च-स्तरीय विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में उपयोग के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले इस्पात और एल्यूमीनियम के संयुक्त उत्पादन और व्यापार में स्पष्ट तालमेल देखते हैं।

संभव स्टील की स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री, फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। ईआरडब्ल्यू पाइप और स्टील ट्यूब बनाने वाली कंपनी संभव स्टील ट्यूब्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 82 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 110.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी एंट्री 110 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 34 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर कुछ उछल कर 111 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर टूट कर 96.25 रुपये के स्तर तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12 बजे ये शेयर 99.06 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस

तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक करीब 20.80 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। संभव स्टील ट्यूब्स का 540 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 77 रुपये से 82 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था। आईपीओ के जरिए 440 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं।

मजबूत लिस्टिंग के बाद रामा टेलीकॉम के शेयरों पर लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। टेलीकॉम कंपनियों को एंड टू एंड नेटवर्क डिप्लॉयमेंट सर्विस देने वाली कंपनी रामा टेलीकॉम के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करने में सफलता हासिल की। हालांकि शुरुआती उतार - चढ़ाव के बाद कंपनी के शेयर गिर कर लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 68 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 6 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 72 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से रामा टेलीकॉम के शेयर उछल कर 75 रुपये के स्तर तक पहुंचे, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर 68.40 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। लोअर सर्किट के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक अभी भी 0.59 प्रतिशत के फायदे में हैं। रामा टेलीकॉम का 25 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.60 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन करीब दोगुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 37 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 2024-25 में कंपनी को 5.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वहीं इस अवधि में कंपनी को 42.47 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिला था। इसके पहले 2023-24 में कंपनी को 2.61 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। प्रोस्पेक्टस में दावा किया गया है कि कंपनी का मजबूत ऑर्डर बुक और प्रदर्शन लॉन्ग टर्म के लिए आशाजनक है।

स्टॉक मार्केट में प्रीमियम लिस्टिंग के बाद सनटेक इंफ्रा को लगा झटका, मुनाफा वसूली के कारण शेयर पर लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। सिविल कंस्ट्रक्शन सेक्टर की कंपनी सनटेक इंफ्रा सॉल्यूशंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयरों पर लोअर सर्किट लग गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 86 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 26.86 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 109.10 रुपये के स्तर पर हुई। इस जोरदार लिस्टिंग के बाद आईपीओ निवेशकों को तब झटका लगा, जब बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर 103.65 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। लोअर सर्किट लगने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक आज पहले दिन 20.52 प्रतिशत के फायदे में रहे। सनटेक इंफ्रा सॉल्यूशंस का 44.39 करोड़ रुपये का आईपीओ

25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 223.64 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 122.82 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 529.51 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 150.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 24.72 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा शेष शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट्स खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 3.02 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 5.76 करोड़ रुपये और 2023-24 में 9.25 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 15 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 96.25 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

देश का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल-मई में मामूली बढ़कर हुआ 53 एमएमटी टन

एजेंसी

नई दिल्ली। देश का लौह अयस्क का उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड उत्पादन के बाद चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दो महीने के दौरान मामूली रूप से 0.6 फीसदी बढ़कर 53 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) हो गया। इसके साथ ही कुछ प्रमुख खनिजों और अलौह धातुओं के उत्पादन में जोरदार वृद्धि जारी है। खान मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि पहले दो महीनों अप्रैल और मई के बीच लौह अयस्क का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 52.7 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 53 मिलियन मीट्रिक टन पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में लौह अयस्क का उत्पादन 289 मिलियन मीट्रिक टन रहा था। मूल्य के हिसाब से कुल खनिज संरक्षण और विकास नियम (एमसीडीआर) खनिज उत्पादन में लौह अयस्क का हिस्सा 70 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो महीने (अप्रैल-मई) के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन पिछले वित?त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 0.69 एमएमटी से 1.4 फीसदी बढ़कर 0.70 एमएमटी हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की (अप्रैल-मई) में बॉक्साइट का उत्पादन भी 0.9 फीसदी बढ़कर 4.73 एमएमटी हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 4.69 एमएमटी रहा था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मई) में जिंक सांद्रण का उत्पादन 3.7 फीसदी बढ़कर 0.28 एमएमटी हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 की (अप्रैल-मई) में 0.27 एमएमटी था। इसी तरह वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मई) में चूना पत्थर का उत्पादन 1.6 फीसदी बढ़कर 81.40 एमएमटी हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मई) में 80.10 एमएमटी था।

स्टॉक मार्केट में सुपरटेक ईवी की फीकी एंट्री, डिस्काउंट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया और ई-रिक्शा बनाने वाली कंपनी सुपरटेक ईवी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 92 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 73.60 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर कुछ देर में ही फिसल कर 69.92 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को आज पहले दिन ही 24 प्रतिशत का नुकसान हो गया। सुपरटेक ईवी का 29.90 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स

मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.40 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 7.06 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32,49,600 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 6 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 5.02 करोड़ रुपये और 2023-24 में 6.19 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी के रेवेन्यू में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। 2022-23 में कंपनी को 2.38 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिला था, जो 2024-25 में बढ़ कर 75.19 करोड़ रुपये हो गया।

सर्राफा बाजार में लौटी तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले कई दिनों से लगातार गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी नजर आ रही है। सोना आज 920 रुपये से लेकर 1 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 3 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,410 रुपये से लेकर 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,210 रुपये से लेकर 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी तेजी आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,10,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

सकल जीएसटी संग्रह जून में 6.2 फीसदी बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी

नई दिल्ली। सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जून में 6.2 फीसदी बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले साल इसी अवधि में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। हालांकि, जीएसटी संग्रह पिछले महीने मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी संग्रह में यह वृद्धि स्थिर आर्थिक गति का संकेत देती है। जीएसटी महानिदेशालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व संग्रह जून में 4.6 फीसदी बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये रहा है, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 फीसदी बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, उपकर से राजस्व 13,491 करोड़ रुपये रहा। इस बीच जून में कुल 'रिफंड' 28.4 फीसदी बढ़कर 25,491 करोड़ रुपये हो गया। जीएसटी महानिदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक जारी किए गए रिफंड को शामिल करने के बाद जून महीने में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 3.3 फीसदी बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले महीने की तुलना में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह भी अधिक रहा है, जो मई माह में 1.53 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।

स्टॉक मार्केट में एचडीबी फाइनेंशियल की शानदार शुरुआत, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक की सहायक कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 740 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी एंट्री 12.84 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ 835 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर कुछ देर में ही उछल कर 849.85 रुपये के स्तर तक पहुंच गए, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 827.15 रुपये के स्तर तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 836.70 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 13.06 प्रतिशत का फायदा हो चुका है।एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का 12,500 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए

खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 17.65 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 58.64 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 10.55 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.51 गुना और कर्मचारियों के लिए रिजर्व पोर्शन 6.03 गुना सब्सक्राइब हुए थे। इस आईपीओ के तहत 2,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 13,51,35,135 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। नए शेयर की बिक्री के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी टियर-1 कैपिटल बेस बढ़ाने में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1,959.35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,460.84 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि 2024-25 में कंपनी का मुनाफा हल्की गिरावट के साथ 2,175.92 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 23 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 9,512.37 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री की मॉरीशस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मिली नई गति

पोर्ट लुई। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 01 जुलाई 2025 को मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा की। यह विदेश सचिव के रूप में उनकी मॉरीशस की दूसरी यात्रा रही, जिसने भारत-मॉरीशस के विशेष रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह यात्रा 24 जून को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच हुई टेलीफोनिक बातचीत के बाद हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा की और द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई थी। अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल, प्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम, उपप्रधानमंत्री पॉल बेरेन्जर और विदेश मंत्री धनंजय रामफुल से मुलाकात की। इन बैठकों में आपसी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। प्रधानमंत्री रामगुलाम से भेंट के दौरान विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से भारत आने का औपचारिक निमंत्रण दोहराया। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच पारंपरिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन मांगा तथा भारत की ओर से मॉरीशस के विकास और समृद्धि में सहयोग का भरोसा दिलाया। मॉरीशस में बढ़ती नशा-लत और सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु भारत की प्रतिबद्धता के तहत, विदेश सचिव ने मॉरीशस के विदेश मंत्री को विशेषीकृत एंटी-ड्रग उपकरण सौंपे।

सीनेट से पास हुआ ट्रंप का टैक्स ब्रेक और खर्च में कटौती वाला विधेयक

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वाकांक्षी टैक्स ब्रेक और खर्च कटौती योजना को अमेरिकी सीनेट से बेहद मामूली अंतर से मंगलवार को मंजूरी मिल गई। 50-50 की बराबरी पर अटके इस विधेयक को उपराष्ट्रपति जेडी वांस के निर्णायक वोट से पास किया गया। इस कानून को आधिकारिक रूप सेवन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट नाम दिया गया है। इस बिल के पक्ष में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत होने के बावजूद इसे पास कराना आसान नहीं था। पार्टी के ही तीन सीनेटर, नॉर्थ कैरोलिना के थॉम टिलिस, मेन की सुसन कॉलिन्स और केंटकी के रैंड पॉल, ने इसका विरोध किया। थॉम टिलिस और कॉलिन्स ने मेडिकेड (सरकारी स्वास्थ्य बीमा) में कटौती को लेकर चिंता जताई, जबकि पॉल ने बढ़ते कर्ज और 5 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज सीमा विस्तार का विरोध किया। सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून को अपनी ही पार्टी के भीतर गहराते विरोध को साधने के लिए अंत तक समझौते करने पड़े। एक ओर मेडिकेड में कटौती से चिंतित नरमपंथी रिपब्लिकन थे, तो दूसरी ओर कटौती को और सख्त बनाने पर जोर देने वाले कट्टरपंथी सदस्य। अब यह बिल पुनः प्रतिनिधि सभा (हाउस) में जाएगा, जहां स्पीकर माइक जॉनसन पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि सीनेट को बहुत अधिक संशोधन नहीं करने चाहिए थे। हालांकि सीनेट में मेडिकेड से जुड़े प्रावधानों में कुछ बदलाव किए गए हैं, जिससे बिल को अंतिम मंजूरी मिलने में नई अड़चनें पैदा हो सकती हैं।

थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा निलंबित, लीक कॉल पर होगी जांच

बैंकॉक। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा को उनके पद से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह फैसला एक लीक हुई टेलीफोन कॉल को लेकर की जा रही नैतिक जांच के चलते लिया गया है, जिसमें उन्हें एक वरिष्ठ कंबोडियाई नेता के प्रति जरूरत से ज्यादा नम्र बताया गया है। यह फोन कॉल मई महीने में थाई-कंबोडिया सीमा पर हुई एक सशस्त्र झड़प के बाद की गई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। पेतोंगतार्न ने इस विवाद को शांत करने के प्रयास में कंबोडियाई सीनेट अध्यक्ष हुन सेन से बातचीत की थी, लेकिन कॉल लीक होने के बाद उन पर राष्ट्रीय गरिमा से समझौता करने के आरोप लगे। इस पर विरोध प्रदर्शन और आलोचना तेज हो गई थी।

बाइडेन के मानसिक स्वास्थ्य की जांच में पूर्व सहयोगी करेंगे सहयोग

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की संज्ञानात्मक जांच (सोचने-समझने की शक्ति)में व्हाइट हाउस के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लेन और पूर्व राष्ट्रपति के शासनकाल के दौरान के अन्य शीर्ष सहयोगी गवाही देने पर सहमत हो गए हैं। 'द पोलिटिको' ने बताया कि श्री क्लेन को 'हाउस ओवरसाइट कमेटी' ने 24 जुलाई को बुलाया हैं। श्री बाइडेन के पूर्व वरिष्ठ सलाहकार माइक डोनिलॉन और पूर्व सलाहकार स्टीव रिचेट्टी भी इस महीने के अंत में गवाही देंगे। एक अन्य पूर्व वरिष्ठ सलाहकार अनीता डन और श्री बाइडेन(82) के पूर्व डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ ब्रूस रीड का समिति के साथ साक्षात्कार का समय अगस्त में निर्धारित हैं। हाउस ओवरसाइट एंड गवर्नमेंट रिफॉर्म कमेटी उन दावों की जांच कर रही है जिनमें कहा गया था कि श्री बाइडेन के कार्यकाल के दौरान उनकी संज्ञानात्मक स्थिति के बारे में छुपाया गया था। इक्कीस मई को रिपब्लिकन सीनेटर रॉन जॉनसन ने 'एक्सियोस' को बताया कि वह पूर्व राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की निगरानी करने के व्हाइट हाउस के तरीके की जांच शुरू कर रहे हैं। मई के अंत में रिपब्लिकन सांसद बड्डी कार्टर ने पूर्व राष्ट्रपति के स्वास्थ्य में गिरावट और इस जानकारी को जनता से छिपाने की जांच के लिए संसद के जांचकर्ताओं के एक पैनल के गठन के लिए एक विधेयक पेश किया था।

फायरवर्क फैसिलिटी में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, आसमान में छाया धुएं का गुबार

एजेंसी

कैलिफोर्निया । कैलिफोर्निया के योलो काउंटी स्थित एस्पार्टो शहर में फायरवर्क फैसिलिटी में विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग लग गई। इस घटना के बाद आस-पास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। सड़कों को बदं कर दिया गया और इमरजेंसी रिस्पांस ऑपरेशन चलाए गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, मंगलवार शाम (स्थानीय समय) को हुए इस विस्फोट को कुछ लोगों ने शुरू में विमान दुर्घटना समझ लिया। विस्फोट के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और आसमान में काले धुएं का एक विशाल गुबार उठ गया, जो उत्तरी सोलानो काउंटी के कुछ हिस्सों तक दिखाई दे रहा था। काउंटी रोड 23 पर आग लगने के बाद शाम 6 बजे से ठीक पहले आपातकालीन दल घटनास्थल पर पहुंचा। 'कैल फायर' के अनुसार, विस्फोट एक फायरवर्क स्टोरेज और हैंडलिंग फैसिलिटी में हुआ,

जिससे आग भड़क उठी। इस वजह से चिंता बढ़ गई कि कहीं और धमाके न हों और जंगल में आग न लगे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में काला धुआं तेजी से पूरे इलाके में फैलता नजर आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्हें तेज धमाके सुनाई दिए और आस-पास के इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली गुल हो गई।

योलो काउंटी इमरजेंसी सर्विस ऑफिस ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में एक फायरवर्क फैसिलिटी शामिल थी। उसे स्थानीय लोगों से यहां कई विस्फोटों की रिपोर्ट्स मिली हैं। विस्फोट के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है। इस मामले में आधिकारिक जांच जारी है।

कैल फायर एलएनयू ने 'एक्स' पर बताया, 'फायरफाइटर्स योलो काउंटी की मदद कर रहे हैं, जहां हाइवे 16 / ओकडेल रैंच लेन, एस्पार्टो के पास आग जंगल की ओर फैल गई है। इस घटना से निपटने के लिए कैल फायर ने हवाई और जमीनी संसाधन भेजे हैं।'प्रभावित क्षेत्र पर अभी भी कड़ी नजर रखी जा रही है। आपातकालीन टीमें किसी भी दोबारा भड़कने वाली आग पर नजर बनाए हुए हैं। नुकसान की गंभीरता का आकलन किया जा रहा है। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और फायरफाइटिंग यूनिट्स और पहले प्रतिक्रिया देने वाली टीमों की निरंतर आवाजाही के लिए घटनास्थल के आसपास की कई सड़कों को बंद कर दिया गया।

ट्रंप ने कहा-इजराइल ने गाजा युद्ध विराम की शर्तों पर सहमति जताई, नेतन्याहू ने कोई टिप्पणी नहीं की

एजेंसी

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल ने गाजा युद्ध विराम की शर्तों पर सहमति जताई है। उसने हमास के साथ युद्ध में दो महीने के युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। अमेरिका के सीबीएस खबर के अनुसार, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, इजराइल ने 60 दिन के युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति व्यक्त की है। इस अवधि में हम सब युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मध्य पूर्व की भलाई के लिए हमास भी इस प्रस्ताव को स्वीकार करेगा। चैनल के अनुसार, ट्रंप ने प्रस्तावित प्रस्ताव का कोई विवरण नहीं दिया। साथ ही अभी तक न तो इजराइल और न ही हमास ने इस पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमास के साथ पूर्व की बातचीत में मध्यस्थता कर चुके कतर और मिस्र यह यह अंतिम प्रस्ताव पेश करेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह अगले सोमवार को वाशिंगटन में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलने वाले हैं। इस दौरान गाजा और ईरान के मसले पर चर्चा होने की उम्मीद है। ट्रंप ने यह भी कहा कि गाजा में युद्धविराम अगले सप्ताह कभी भी शुरू हो सकता है। ऐसा नहीं है कि गाजा में युद्धविराम के लिए पहले कोशिश नहीं की गई। मई के अंत में ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ ने 60 दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था। इजराइल ने इसका समर्थन किया, लेकिन हमास ने शर्तें रखीं।

मई में मलेरिया के 5 लाख से अधिक मामले आए सामने, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट

एजेंसी

अदीस अबाबा । इथियोपिया में मलेरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मई में 5,20,782 मलेरिया के मामले सामने आए। यह एक महीने में दर्ज की गई बड़ी संख्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी हालिया रिपोर्ट में बताया कि इथियोपिया में मलेरिया के अलावा, कालरा, खसरा और एमपॉक्स जैसी अन्य बीमारियों का प्रकोप भी जारी है। देश के कुछ हिस्सों में चल रहे संघर्ष के कारण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो गई है। इन क्षेत्रों में लोगों को तत्काल सहायता की जरूरत है। लेकिन, सहायता पहुंचाने में मुश्किलें सामने आ रही हैं। मलेरिया इथियोपिया में एक आम बीमारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जो समुद्र तल से 2,000 मीटर से नीचे हैं। यह क्षेत्र देश के तीन-चौथाई हिस्से को कवर करता है, जहां की लगभग 69 प्रतिशत आबादी मलेरिया के खतरे में है।

मलेरिया का प्रकोप आमतौर पर सितंबर से दिसंबर और अप्रैल से मई

के बीच बढ़ता है, क्योंकि ये महीने बारिश के मौसम के बाद आते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, साल 2024 में इथियोपिया में 84 लाख से ज्यादा मलेरिया के मामले सामने आए, जो देश में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मलेरिया जानलेवा बीमारी है, जो कुछ खास तरह के मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी ज्यादातर उन देशों में पाई जाती हैं, जहां गर्मियां बहुत पड़ती हैं। यह एक परजीवी के कारण होती है और यह व्यक्ति से व्यक्ति में नहीं फैलती।

मलेरिया के हल्के लक्षणों में बुखार, ठंड लगना और सिरदर्द शामिल है, जबकि गंभीर मामलों में थकान, कन्फ्यूजन, दौरे पड़ना और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। शिशु, पांच साल से कम उम्र के बच्चे, प्रेग्नेंट महिलाएं, यात्री और एचआईवी, एड्स से पीड़ित लोग इस बीमारी से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। मलेरिया को रोकने के लिए मच्छरों के काटने से बचना जरूरी है। इसके लिए मच्छरदानी और दवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर सही समय पर इलाज शुरू हो जाए, तो हल्के मामलों को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

बांग्लादेश में पांच अगस्त के गोलीकांड पर आरोप पत्र दाखिल

एजेंसी

ढाका। अभियोजन पक्ष ने आज सुबह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) -2 के समक्ष छह प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के मामले में औपचारिक आरोप पत्र दाखिल किया।

पिछले वर्ष 05 अगस्त को अशुलिया में इनमें से पांच प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या करने के बाद उन्हें फूंक दिया गया था। गोली लगने से घायल छठे व्यक्ति को भी आग के हवाले कर दिया गया था। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, आईसीटी की जांच टीम ने इस घटना में पूर्व अवामी लीग नेता और पूर्व विधायक मोहम्मद सैफुल इस्लाम, पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) अब्दुल्ला हिल काफी और सावर सर्किल के पूर्व अतिरिक्त एसपी शाहिदुल इस्लाम सहित 16 लोगों की संलिप्तता पाई। अभियोजन पक्ष ने इससे पहले 19 जून को न्यायाधिकरण के समक्ष पेश जांच रिपोर्ट में आठ आरोपितों की पहचान बताई थी। पक्ष ने कहा था पहचाने गए आरोपितों में

अशुलिया पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अधिकारी एएफएम सईद (रोनी), पूर्व इंस्पेक्टर मोहम्मद अराफात हुसैन, पूर्व एसआई अब्दुल मालेक, अराफात उद्दीन, शेख अबजलुल हक, बिश्वजीत साहा, कमरुल हसन और पूर्व कांस्टेबल मुकुल चोकदर हैं। जांच अधिकारियों ने कहा कि 6 आरोपितों में से आठ काफी, शाहिदुल, अराफात हुसैन, मालेक, अराफात उद्दीन, अबजालुल, बिश्वजीत, कमरुल और मुकुल हिरासत में हैं। घटना के दौरान मारे गए लोगों में सज्जाद हुसैन (सजल), अस सबूर, तंजील महमूद सुजॉय, बायजिद बोस्तामी, अबुल हुसैन और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं।

ट्रंप का दावा, हमास से 60 दिन के सीजफायर पर सहमत इजरायल

एजेंसी

ह्यूस्टन । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास से 60 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की है। ट्रंप ने बताया है कि इस प्रस्ताव की जरूरी शर्तों पर इजरायल ने सहमति जता दी है। ट्रंप ने 'ट्रुथ' सोशल पर लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट की भलाई के लिए हमास इस समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। मौजूदा स्थिति से हालत सिर्फ बदतर ही होंगे।' ट्रंप ने लिखा, 'इजरायल ने 60 दिन के सीजफायर को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी शर्तों पर सहमति जताई है। इस दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, 'मेरे प्रतिनिधियों ने आज गाजा पर इजरायल के साथ लंबी बैठक की।' इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि कतर और मिस्र अंतिम प्रस्ताव पेश करेंगे।

'सीएनएन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, नए प्रस्ताव में हमास की

कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। सीजफायर के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के बदले इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा। 'समाचार एजेंसी' के अनुसार पिछले सप्ताह ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि अगले एक सप्ताह में गाजा में सीजफायर हो सकता है, लेकिन उस समय उन्होंने और अधिक जानकारी नहीं दी थी। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान और गाजा के मुद्दे पर अगले सोमवार को 'व्हाइट हाउस' में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2025 में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। इसके बाद से यह नेतन्याहू का तीसरा 'व्हाइट हाउस' दौरा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ईरान पर इजरायल के हमलों के बाद अब 'इजरायल-हमास संघर्ष' को खत्म करना ट्रंप की प्राथमिकता है। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू किया, जिसके साथ दो महीने का सीजफायर खत्म हो गया था। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने आंकड़े जारी करते हुए बताया कि तब से कम से कम 6,089 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि 21,013 लोग घायल हुए हैं। अक्टूबर 2023 में हमास-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 56,412 हो गया है, जबकि 133,054 लोग घायल हुए हैं।

प्रधानमंत्री शहबाज के मानहानि केस का सामना कर रहे इमरान खान पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मानहानिक केस का सामना कर रहे और लंबे समय से जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने मामले की सुनवाई करने वाली अदालत के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, याचिका में पीटीआई संस्थापक ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि जब तक उनकी अपील पर कोई फैसला नहीं आ जाता, तब तक मानहानि मामले में कार्यवाही स्थगित कर दी जाए। उनका तर्क है कि कानून के तहत केवल जिला और सत्र न्यायालय को ही ऐसे मानहानि के मामलों की सुनवाई करने का अधिकार है। याचिका में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के अधिकार क्षेत्र को भी चुनौती दी गई है, जिनके फैसले को पहले लाहौर हाई कोर्ट ने बरकरार रखा था। खान की कानूनी टीम ने सुप्रीम कोर्ट से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश और लाहौर हाई कोर्ट दोनों के आदेशों को रद्द करने की मांग की है। इसके अलावा, याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अपील पर निर्णय होने तक मामले में आगे की कार्यवाही को रोकने का आग्रह किया गया है। साल 2017 में शहबाज शरीफ ने तत्कालीन विपक्षी नेता इमरान खान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। खान पर प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले बयान देने का आरोप लगाया गया था। मुकदमे के अनुसार, ये निराधार और दुर्भावनापूर्ण बयान मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित किए गए। इससे शरीफ की सार्वजनिक छवि खराब हुई। उन्हें अत्यधिक मानसिक यातना, पीड़ा और चिंता के दौर से गुजरना पड़ा।

नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर जाकर पहले हफ्ते करीब साढ़े पांच सौ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू होने के पहले सप्ताह में ही करीब साढ़े पांच सौ भारतीय श्रद्धालु पवित्र कैलाश मानसरोवर का दर्शन करके वापस आ चुके हैं। पांच 5 सालों बाद यह यात्रा शुरू होने के कारण भारतीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। चीन प्रशासन की ओर से इस वर्ष जुलाई से अक्टूबर तक के महीने के लिए करीब 25 हजार भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर आने की अनुमति दी गई है। कोरोना महामारी के बाद चीन सरकार ने नेपाल-चीन की सीमा से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की अनुमति दी है।भारतीय श्रद्धालुओं के लिए हिलसा सीमकोट के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिर से शुरु हुई है। 5 सालों के बाद यह यात्रा सुचारू होने के कारण

भारतीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। नेपाल के पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक हिलसा नाका होते हुए नेपाल के सिमकोट विमानस्थल से कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वालों की संख्या 546 हो गई है। पिछले हफ्ते से शुरू हुई इस धार्मिक यात्रा में अब तक 248 महिला एवं 298 पुरुष यानी कुल 546 भारतीय श्रद्धालुओं कैलाश मानसरोवर के दर्शन कर चुके हैं। नेपाल की विभिन्न घरेलू विमान कंपनियां नेपालगंज से सिमकोट होते हुए हिल्सा पहुंचने तक के लिए मौसम के अनुकूल होने पर दिन भर में एक दर्जन से अधिक विमानों का संचालन कर रही हैं। इसके अलावा हेलीकॉप्टर के माध्यम से करीब 289 लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए हैं। इसी तरह सैकड़ों की संख्या में भारतीय श्रद्धालु सड़क मार्ग से भी कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जा रहे हैं। एक जुलाई को ही नेपालगंज से सिमकोट जाने वाले विमान के माध्यम से करीब 103 भारतीय श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए हैं। इस समय नेपाल की समिट एयर, सीता एयर तथा तारा एयर कंपनियां नेपालगंज से सिमकोट तक विमान का संचालन कर रही हैं। सिमकोट विमानस्थल से हिलसा तक जाने के लिए इस समय कैलाश हेली सेवा, माउंटेन हेली तथा प्रभु एयरलाइंस के हेलीकॉप्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

सीबीएस न्यूज ट्रंप से नहीं मांगेगा माफी, 16 मिलियन डॉलर देने को तैयार

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका का चर्चित चैनल 'सीबीएस न्यूज' एक रिपोर्ट पर दायर मुकदमे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से न तो माफी मांगेगा और न ही खेद जताएगा। वह इसके लिए भारी भरकम रकम 16 मिलियन डॉलर का भुगतान करेगा। सीबीएस न्यूज की पैरेंट कंपनी पैरामाउंट ग्लोबल की इसके लिए आलोचना भी हो रही है। सीएनएन की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल शरद ऋतु में सीबीएस न्यूज के '60 मिनट्स' समाचार रिपोर्ट पर पैरामाउंट ग्लोबल के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। पैरामाउंट ग्लोबल ने कानूनी रूप से मुकदमे को हल करने के लिए 16 मिलियन डॉलर का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की है। पैरामाउंट ने स्पष्ट किया, समझौते में माफी या खेद का बयान शामिल नहीं है। पैरामाउंट ग्लोबल ने घोषणा की है, 'भविष्य में, '60 मिनट' जैसे साक्षात्कारों के प्रसारण के बाद पात्र अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के साक्षात्कारों की प्रतिलिपियां जारी करेगा, जो कानूनी या राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के लिए आवश्यक संशोधनों के अधीन होंगे।' पैरामाउंट ग्लोबल के इस फैसले पर कानूनी विशेषज्ञों ने कहा कि ट्रंप का मुकदमा बहुत कमजोर था। सीबीएस के पास अदालत में मामला लड़ने और जीतने के लिए ठोस आधार था। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कॉर्पोरेट प्राथमिकताओं ने पत्रकारिता के सिद्धांतों को पीछे छोड़ दिया है। पैरामाउंट महीनों से स्काईडांस मीडिया के साथ महत्वपूर्ण विलय को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। इस विलय के लिए ट्रंप प्रशासन से मंजूरी की आवश्यकता होगी। ऐसा इसलिए कि सीबीएस के पास स्थानीय स्टेशन हैं। इसे सरकार ने लाइसेंस प्रदान किया है। पैरामाउंट ने मंगलवार रात कहा, यह मुकदमा स्काईडांस लेनदेन और एफसीसी अनुमोदन प्रक्रिया से पूरी तरह से अलग है। हम अपने मामले का बचाव करने के लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन करेंगे। एफसीसी के अध्यक्ष ब्रेंडन कैर ने जोर देकर कहा है कि उनकी विलय समीक्षा प्रक्रिया अलग है। प्रेस स्वतंत्रता फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह कहा था, हर कोई जानता है कि यह मामला कानूनी रूप से बहुत कमजोर है। यह 20 मिलियन डॉलर या 20 सेंट के लायक भी नहीं है।

नेपाल में सिविल सर्विस बिल पर सत्तारूढ़ दल के बीच मतभेद बढ़ा

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की संसद में पेश हुए सिविल सेवा विधेयक के कारण सतारूढ़ दलों के बीच मतभेद गहराता जा रहा है। प्रतिनिधि सभा से पारित होने के बाद यह मामला उजागर हुआ है, जिसमें राजनीतिक सहमति के विपरीत प्रावधान को रखा गया है। माओवादी केंद्र और सीपीएन-यूएमएल दोनों ने राज्य मामलों और सुशासन संसदीय समिति के अध्यक्ष रामहरि खतिवडा के इस्तीफे की मांग की है और इस पूरे मामले में जांच की मांग की जा रही है। आज संसदीय समिति की बैठक में ही राजनीतिक सहमति के विपरीत प्रावधान रख कर इस पारित लिए जाने में समिति के अध्यक्ष की भूमिका पर सवाल खडा करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। सत्ता का नेतृत्व करने वाले यूएमएल सहित विपक्षी दल माओवादी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने भी रामहरि खतिवडा के इस्तीफे की मांग की है। यह विवाद सिविल सर्विस विधेयक के खंड 82 (4) पर केंद्रित है, जो सेवानिवृत्त या इस्तीफा देने वाले सिविल सेवकों को दो साल के भीतर संवैधानिक या सरकारी पदों पर नियुक्त होने से रोकता है। हालांकि, खंड 82 (5) (ए) - समिति के सदस्यों को सूचित किए बिना ही इस प्रावधान से सरकार के मुख्य सचिव, सचिव और सह सचिव को अलग कर दिया गया है।

क्वाड मंत्रियों ने पहलगाम के आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की

एजेंसी

वाशिंगटन । आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए 'निंदनीय' हमले के जिम्मेदार लोगों को तुरंत सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी अपील की कि संबंधित देश इस मामले में जांच कर रही एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करें। मंगलवार को अपनी बैठक के बाद एक साझा बयान में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा, ÷हम इस निंदनीय हमले के अपराधियों, योजनाकारों और फंड देने वालों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग करते हैं। साथ ही, हम सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से अपील करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संबंधित प्रस्तावों के तहत इस मामले में जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करें।' बयान में कहा गया, 'क्वाड देश सीमा पार आतंकवाद समेत हर तरह के आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता

दोहराते हैं।' भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया ने भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख लोकतांत्रिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए इस साल दूसरी बार मंत्री स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा, 'हम 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए।' बयान में हमले के दोषियों को सजा दिलाने की अपील की गई। हालांकि किसी देश का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया। लेकिन यह साफ था कि इशारा किस ओर है, क्योंकि यह हमला 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने किया था, जो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक संगठन है और जिसे पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त है। मंत्रियों की बैठक से पहले जयशंकर ने कहा, 'भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने नागरिकों की रक्षा करने का पूरा हक है और हम इस अधिकार का इस्तेमाल जरूर करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे क्वाड साझेदार इस बात को समझेंगे और इसका सम्मान करेंगे।' शीर्ष नेताओं ने कहा कि वे साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित किए जाने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा शामिल होंगे। मंत्रियों ने कहा कि इस साल वे मुंबई में 'फ्यूचर क्वाड पोर्ट्स पार्टनरशिप' की शुरुआत करने की योजना बना रहे हैं।

देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड, address- 14 no V ki si kar Road